▸ वर्ष 73 ▸ अंक 151 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 28 फरवरी, 2026
▸ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


> सफलता की खुशी मनाना अच्छा है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण है अपनी असफलताओं से सीख लेना।
> –बिल गेट्स

## ऑफ बीट

### एक्टर विजय की पत्नी ने दिया तलाक



*चेंगलपट्टू के जिला कोर्ट में स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के तहत संगीता विजय और एक्टर-नेता सी जोसेफ विजय चंद्रशेखर के बीच शादी खत्म करने की अर्जी दी गई है। अर्जी में, 48 साल की संगीता ने कहा, शादी पहली बार 10 जुलाई, 1998 को यूके में रजिस्टर हुई थी। 25 अगस्त, 1999 को राजा मुथैया मंद्रम, एग्मोर, चेन्नई में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार शादी हुई। पिटीशन में कहा गया है कि शादी के शुरुआती साल अच्छे, मेलजोल वाले थे, जिसमें पिटीशनर ने खुद को घर और बच्चों की परवरिश में लगा दिया था। हालांकि, आरोप है कि अप्रैल 2021 में, उसे पता चला कि विजय एक एक्ट्रेस के साथ गलत रिश्ते में था, जिससे उसे इमोशनल दर्द और मानसिक तकलीफ हुई, जो धोखा, शादी के भरोसे का उल्लंघन था।*

### टी-20 वर्ल्ड में आज
सुपर-8 के मुकाबले

**श्रीलंका बनाम पाकिस्तान**
समयः शाम 7.00 बजे से
प्रसारणः जियो हॉट स्टार और स्टार स्पोर्ट्स

**कथित शराब नीति घोटालाः** अदालत ने सभी 23 आरोपियों को बरी किया

# केजरीवाल और मनीष बेदाग

### दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा- सीबीआई ने साजिश रचने की कोशिश की लेकिन यह सिर्फ अनुमान और अटकलों पर आधारित था। अरविंद केजरीवाल हुए भावुक, बोले-मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली शराब नीति मामले में शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और के. कविता सहित सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने 598 पन्नों के आदेश में कहा, सीबीआई की चार्जशीट में कोई ठोस सबूत नहीं हैं और यह सिर्फ अनुमानों और अटकलों पर आधारित है। अदालत ने स्पष्ट किया कि नीति बनाने में कोई आपराधिक मंशा या साजिश साबित नहीं हुई और रिश्वत के लेन-देन के भी प्रमाण नहीं मिले। कोर्ट ने जांच में कमियों के लिए सीबीआई को फटकार लगाई और जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच की सिफारिश भी की है। हालांकि, सीबीआई ने फैसले को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर कर दी है। बरी होने के बाद केजरीवाल भावुक हो गए और उन्होंने इसे 'सत्य, ईमानदारी की जीत' बताते हुए कहा, जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। यह फैसला आप के लिए एक बड़ी कानूनी और नैतिक जीत माना जा रहा है।



नई दिल्ली। शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट के बाहर मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

#### बरी होना सबूतों की कमी जैसे कारणों से हो सकता हैः भाजपा

बरी होना सबूतों की कमी जैसे तकनीकी कारणों से हो सकता है और जांच एजेंसियां अगले कदम पर फैसला करेंगी। जनता ने पहले ही केजरीवाल को राजनीतिक जवाब दे दिया है।

■ **सुधांशु त्रिवेदी**, भाजपा प्रवक्ता

#### कांग्रेस ने लगाया आरोप- यह भाजपा की 'अनुमानित स्क्रिप्ट'

यह भाजपा की 'अनुमानित स्क्रिप्ट' है। भाजपा अपने सुविधाजनक सहयोगियों के खिलाफ मामलों को कमजोर कर देती है, ताकि विपक्ष को प्रभावित किया जा सके।

■ **पवन खेड़ा**, कांग्रेस नेता

#### कोर्ट की बड़ी बातें

- कोर्ट ने कहा कि हजारों पन्नों की चार्जशीट में कई खामियां हैं और उसमें लगाए गए आरोप किसी गवाह या बयान से साबित नहीं होते। चार्जशीट में विरोधाभास हैं, जो कथित साजिश की पूरी थ्योरी को कमजोर करते हैं।
- सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश।
- आबकारी नीति के निर्माण में कोई व्यापक साजिश या आपराधिक मंशा नहीं थी। सीबीआई का मामला न्यायिक जांच पर खरा नहीं उतरता। सीबीआई ने साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस साक्ष्यों के बजाय मात्र अनुमान पर आधारित था।
- केजरीवाल का नाम बिना किसी ठोस सबूत के जोड़ा गया। जब मामला किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से जुड़ा हो, तब बिना पुख्ता सबूतों के आरोप लगाना कानून के सिद्धांतों के खिलाफ है।
- मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह को बरी करते हुए कहा, हैरानी की बात है कि उन्हें पहला आरोपी क्यों बनाया गया, जबकि उनके खिलाफ ठोस सामग्री नहीं थी।

# पाक-अफगान में जंग 300 लोग मारे गए

### पाक ने 274 अफगान लड़ाके मारे, अफगान का दावा-55 पाक सैनिक मारे, जेट भी मार गिराया

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अघोषित युद्ध शुरू हो गया है। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है। तालिबान का दावा है कि इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया है। संघर्ष की शुरुआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाक हमले के जवाब में कार्रवाई की। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। जवाब में पाक ने 'गजब लिल हक' ऑपरेशन के तहत काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। पाक का दावा है कि उसके हमलों में 274 अफगान लड़ाके मारे गए, जबकि 400 से ज्यादा घायल हैं। दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है।

अफगान मीडिया के मुताबिक तालिबानी लड़ाकों ने एक पाकिस्तानी जेट भी मार गिराया है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उसके पास हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वॉर्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया गया है।



#### तुर्की, रूस, चीन ने की मध्यस्ता की पेशकश

पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जंग का ऐलान करते हुए कहा, 'हमारी सब्र की इंतहा हो चुकी है। अब यह हमारे और उनके (अफगान) के बीच खुली जंग है।' अफगान पर पाक के हमलों ने क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डाल दिया है, और दुनिया भर के देशों ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। यूएन के साथ चीन, रूस, तुर्की, ईरान ने चिंता जताते हुए बातचीत का रास्ता अपनाने पर जोर दिया है। साथ ही इन देशों ने मध्यस्ता की पेशकश की है। भारत ने अफगान पर पाकिस्तानी हमले की निंदा की थी।

### 'द केरल स्टोरी 2' मेकर्स को बड़ी राहत, हटा बैन

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' के मेकर्स के लिए बड़ी राहत है। केरल हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने फिल्म की रिलीज पर अंतरिम रोक को हटा दिया है। डिवीजन बेंच ने मामले की गंभीरता और सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अब फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने का रास्ता साफ कर दिया है। इससे पहले सिंगल जज की बेंच ने फिल्म के कंटेंट और सांप्रदायिक सौहार्द पर पड़ने वाले इसके असर को लेकर चिंता जताते हुए 15 दिनों का स्टे लगा दिया था। सिंगल-जज ने रिलीज को चुनौती देने वाली दो पिटीशन पर आदेश दिया था, उनका कहना था कि फिल्म गलत तरीके से दिखाती है और तनाव बढ़ सकता है।

भागोरिया पर्व में पहुंचे सीएम ने भाबरा में शहीद को किया नमन

# जनजातीय परंपराओं के संरक्षण संवर्धन के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, मप्र सरकार जनजातीय परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सरकार भगोरिया पर्व और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भागोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सीएम शुक्रवार को आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ में आयोजित स्थानीय भगोरिया पर्व को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भगोरिया जनजातीय संस्कृति, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आयोजन जनजातीय संस्कृति की सशक्त पहचान और सरकार की संवेदनशील सोच को प्रतिबिंबित करता है। मुख्यमंत्री का जनजातीय समाज एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री आलीराजपुर के भाबरा (चंद्रशेखर आजादनगर) पहुंचे और शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा को उनके बलिदान दिवस पर प्रतिमा को नमन किया। सीएम ने कहा, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद भारत की क्रांति के तेजस्वी स्वर थे। राज्य सरकार अमर बलिदानी, क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेकर गरीब, किसान, युवा व नारी कल्याण के संकल्प को आगे बढ़ रही है। सरकार नायकों के बलिदान, योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले के समग्र विकास के लिए 171 करोड़ के 49 विकास कार्यों की सौगात दी। ( शेष पेज-7 पर )

# जबलपुरः 16 बसों के जरिए 9 करोड़ की टैक्स चोरी

- ईओडबल्यू ने बस मालिकों और परिवहन विभाग के लिपिक पर दर्ज की एफआईआर
- बसों को कबाड़ में बेचने का बताकर 2006 से टैक्स देना किया बंद

**जागरण, जबलपुर।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडबल्यू) जबलपुर की टीम ने यात्री बसों की टैक्स चोरी मामले में बस मालिकों और परिवहन विभाग के कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह मामला करीब ९ करोड़ की आर्थिक क्षति से जुड़ा है।

ईओडबल्यू ने डिंडोरी जिले के बस संचालक संजय केशवानी और साधना केशवानी के साथ ही जिला परिवहन कार्यालय डिंडोरी में पदस्थ (वर्तमान में नरसिंहपुर में पदस्थ) लिपिक पुष्प कुमार



प्रधान के खिलाफ केस दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। जांच का दायरा बढ़ने के साथ इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है। ( शेष पेज-7 पर )

#### वसूली शुरू होते ही फाइलें गायब

वर्ष 2017 में आरटीओ डिंडोरी ने टैक्स वसूली प्रक्रिया शुरू की। लिपिक पुष्प कुमार प्रधान पर आरोप है कि उन्होंने बसों की टैक्स फाइलें गायब कर दीं, जिससे वसूली नहीं हो सकी और 9 करोड़ का नुकसान हुआ। बस संचालकों, विभाग के कर्मचारी ने षड्यंत्र रचा। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ वाहनों को बिना अनुमति नष्ट कर दिया। पुष्प कुमार प्रधान ने पद का दुरुपयोग करते हुए मूल दस्तावेज सुरक्षित नहीं रखे।

# बच्चियों से छेड़छाड़ के आरोप शिक्षक पर पाक्सो में केस दर्ज

### छतरपुर के ओरछा रोड क्षेत्र का मामला

**छतरपुर, जागरण।** छतरपुर जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र की एक प्राथमिक शाला में कक्षा चार की छात्रा से 52 वर्षीय शासकीय शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित छेड़छाड़ की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले में जांच शुरू की है। पुलिस मामले की गंभीरता को लेकर स्कूल से ही शिक्षक को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाने ले गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी थाने पहुंचे और शिक्षक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार बच्चियों ने शिक्षक की गलत हरकतों की शिकायत कई दिन पहले बताई थी। दो-तीन दिन पहले भी दोहराई। बच्चियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि गुरुवार जब वह स्कूल पहुंचे तो देखा कि शिक्षक बच्चियों के साथ अंदर थे। बच्चियों ने सामने आकर फिर वही बात दोहराई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार ग्रामीणों की सूचना पर गुरुवार को पुलिस स्कूल पहुंची थी, ( शेष पेज-7 पर )


#### शिक्षक को किया निलंबित

मामला दर्ज होने के बाद डीईओ ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है। डीईओ ने बताया कि मामले की गंभीरता को लेकर प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। इस दौरान मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी गौरिहार नियत किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधीजन को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

# शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर कोर्ट की अंतरिम रोक

### अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित

**वाराणसी/प्रयागराज, जेएनएन।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न केस में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा ने अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत में शंकराचार्य का पक्ष वकील पीएन मिश्रा ने रखा, जबकि राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल पेश हुए। शिकायतकर्ता आशुतोष महाराज की वकील रीना सिंह ने भी दलीलें रखीं। अब मार्च के तीसरे हफ्ते में केस की सुनवाई होगी।



हाईकोर्ट के फैसले पर शंकराचार्य ने कहा, शंकराचार्य जैसी संस्था को बदनाम करने की कोशिश की गई। आज जो हालात हैं कि अपने भाई पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। सारा अमला भ्रष्ट नहीं हो सकता। कहीं तो कोई होगा, जिसके मन में न्याय होगा, इसलिए संघर्ष जारी रहना चाहिए। पूरे देश का हिंदू समुदाय आशंकित था। उन्हें लगने लगा था कि हमारे गुरु ने क्या गड़बड़ी की है। मुकदमा झूठा बनाया गया था। बटुक कभी आश्रम में नहीं रहे हैं।

**स्वास्थ्य** आईआईटी बॉम्बे के डॉक्टरों की नई स्टडी में खुलासा

# लिवर को कैसे डैमेज करती हैं एंटीबायोटिक्स

**मुंबई, जेएनएन।** एंटीबायोटिक्स जानलेवा इन्फेक्शन से लड़ने में जान बचाने वाली होती हैं। फिर भी, उनके अनचाहे नतीजे हो सकते हैं। डॉक्टरों ने लंबे समय से देखा है कि कुछ एंटीबायोटिक्स लिवर एंजाइम को बढ़ाती हैं या सूजन पैदा करती हैं, और कुछ मामलों में, वे गंभीर नुकसान भी पहुंचा सकती हैं, जिससे लिवर फेलियर हो सकता है। इसका कारण सिर्फ यह नहीं है कि वे कितनी मजबूत हैं, बल्कि यह भी है कि वे लिवर सेल्स पर कहां होती हैं और उनकी बाहरी परत, जिसे हम सेल मेम्ब्रेन कहते हैं, के साथ कैसे इंटरैक्ट करती हैं।

आईआईटी बॉम्बे के रिसर्चर्स की नई स्टडी इस इंटरेक्टिविटी पर रोशनी डालती है, और दवा की सेफ्टी का अनुमान लगाने का नया तरीका देती है। यह जानकारी दवा के डेवलपमेंट की नई और सुरक्षित क्लास के लिए जरूरी असर है। यह स्टडी करके कि दवाएं मॉलिक्यूलर लेवल पर सेल मेम्ब्रेन के साथ कैसे जुड़ती हैं, रिसर्चर्स अब क्लिनिकल ट्रायल शुरू होने से पहले टॉक्सिसिटी के खतरों का



अनुमान लगा सकते हैं। एंटीबायोटिक्स से लिवर को होने वाला नुकसान चिंता की बात क्यों है? दवाओं से होने वाला लिवर इंजरी एक मुख्य कारण है कि दवाइयों को मार्केट से हटा दिया जाता है या अप्रूवल के बाद उन पर रोक लगा दी जाती है। चुनौती यह है कि लिवर इंजरी का अंदाजा लगाना बहुत मुश्किल होता है। कई मरीजों में शुरू में कोई लक्षण नहीं दिखते, जबकि दूसरे कई दवाएं लेते हैं, जिससे असली वजह का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि मिलती-जुलती दवाएं भी बहुत अलग तरह से काम कर सकती हैं।

#### सोच बदल सकते हैं नए नतीजे

स्टडी का नेतृत्व बायोसाइंसेज और बायोइंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के प्रो. आशुतोष कुमार और सनवे यूनिवर्सिटी, मलेशिया के प्रो. वेट्रिसेल्वन सुब्रमण्यन ने किया है। प्रो. कुमार ने कहा, पहले, लोगों का मानना था कि दवा का मॉलिक्यूल सेल्स को कितना नुकसान पहुंचाता है, इससे यह पता चलता है कि यह सेल मेम्ब्रेन को कितना तोड़ता है। हमारे नतीजे इस सोच को बदल सकते हैं। स्टडी में दो पावरफुल एंटीबायोटिक्स पर फोकस किया गया, जिनका इस्तेमाल हॉस्पिटल में होने वाले और वेंटिलेटर से जुड़े निमोनिया जैसे गंभीर बैक्टीरियल इन्फेक्शन के खिलाफ किया जाता है। टेकोप्लानिन, जिसे अक्सर क्लिनिकल प्रैक्टिस में लिवर की समस्याओं से जोड़ा जाता है और ओरिटावैनसिन, जिसे आमतौर पर बेहतर तरीके से सहन किया जाता है। दोनों केमिकली एक जैसे हैं और लगभग एक ही तरह से बैक्टीरिया को मारते हैं, फिर भी उनकी लिवर टॉक्सिसिटी में काफी अंतर होता है।




## हवाई सेवा का हब बनेगा रीवा

# अब कोलकाता व रायपुर के लिए जल्द शुरू होगी विमान सेवा






### 20 अन्य मार्गों के लिए कई विमान कंपनियों के प्रस्ताव

### रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार के लिए राजधानी में की गई समीक्षा

जागरण, रीवा

रीवा अब जल्द ही हवाई सेवा का हब बनेगा। रीवा से नई दिल्ली, इंदौर, भोपाल के बाद अब कलकत्ता के लिए हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लिए विमान सेवा चलाने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही रीवा से विभिन्न शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू करने के लिए अपना प्रस्ताव पेश किया है। इस जानकारी शुक्रवार को राजधानी भोपाल में रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार व सुदृढ़ीकरण के लिए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी है।

दअरसल रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में विमानन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि रीवा से रायपुर एवं कोलकाता के लिए नई हवाई सेवाएं प्रारंभ करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करें, ताकि उड़ान सेवाएं जल्द से जल्द प्रारंभ की जा सकें। साथ ही, रीवा-इंदौर-रीवा एवं रीवा-दिल्ली-रीवा उड़ानों को प्रोत्साहन एवं संवर्धन के लिए राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश भी उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इन मार्गों पर नियमित और सतत विमानन सेवाओं के संचालन के लिए प्रोत्साहन आवश्यक है।

बताया गया कि विमानन विभाग द्वारा जारी निविदा के अंतर्गत नवीन हवाई रूट्स के लिए विभिन्न शेड्यूल्ड ऑपरेटर्स द्वारा 20 हवाई मार्गों पर विमानन सेवाएं संचालित करने हेतु अभिरुचि व्यक्त की गई है। प्राप्त बिड्स का तकनीकी एवं वित्तीय परीक्षण वर्तमान में प्रगति पर है, ताकि निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र निर्णय लिया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रस्तावित हवाई सेवाओं से रीवा सहित पूरे प्रदेश में औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्रीय संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव, विमानन एवं सामान्य प्रशासन संजय कुमार शुक्ल, अपर सचिव सामान्य प्रशासन अजय कटेसरिया और उप सचिव, विमानन कैलाश बुंदेला सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कर वसूली: बकायादारों ने शिविर में जमा कराया 3 लाख

**रीवा।** वित्तीय वर्ष के आखिरी तिमाही में नगर निगम प्रशासन द्वारा संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य करों की वसूली के लिए पूरा जोर लगाया जा रहा है। नगर निगम के वार्ड 38, 39 एवं 42 के लिए नारायण चक्की के पास लगाये गये कर संग्रह शिविर में बकायादारों द्वारा 306312 रूपये का टैक्स जमा कराया गया। शुक्रवार को वार्ड 38, 39 एवं 42 के लिए नारायण चक्की के पास आयोजित शिविर में सम्पत्तिकर बकाया राशि 98000 रू. एवं जलकर बकाया राशि 208312 रू. जमा कराया गया। इस क्रम में 02 मार्च को वार्ड 31 एवं 32 के लिए गुलबसिया चौराहा में शिविर का आयोजन किया जावेगा।

## सेन समाज की बैठक आज

**रीवा।** सेन समाज द्वारा शनिवार को ऋतुराज पार्क, शिल्पी प्लाजा के सामने शाम 4 बजे से अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें केश शिल्पी की समस्याओं के संबंध में विधिवत चर्चा, रेट सूची पर चर्चा, सेन समाज की समस्या/उत्थान पर विचार विमर्श के बाद केश शिल्पी अध्यक्ष दीनानाथ सेन द्वारा आगामी कार्य योजना पर निर्णय लिया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

## सार्वजनिक सुलभ जन सुविधा केन्द्र का लोकार्पण



**जागरण, रीवा।** वार्ड क्रमांक 9 चुंगी नाका के आगे स्टेडियम शारीरिक शिक्षा विभाग के बगल में मार्तण्ड क्रमांक-2 स्कूल के सामने शुक्रवार को सार्वजनिक सुलभ जन सुविधा केन्द्र का लोकार्पण कर आज से आम जनता के लिए सुलभ सुविधा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद व विधायक प्रतिनिधि सतीश सिंह, विवि के खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग अधीक्षक राम भूषण मिश्रा, मार्तण्ड-2 के प्राचार्य सुदामा लाल गुप्ता, स्पोर्ट्स खिलाड़ी, बालिकाएं उपस्थित रहे। इस दौरान बताया गया कि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयास से उक्त भूमि उपलब्ध कराई गई। सभी ने उप मुख्यमंत्री सहित नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, अवधेश प्रताप सिंह विवि के बीसी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कुडरिया, रजिस्ट्रार सुरेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त सौरभ सोनवणे को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वार्ड में मिली गंदगी, दरोगा को नोटिस

### निरीक्षण दौरान अव्यवस्था मिलने पर निगमायुक्त ने की कार्यवाही



**जागरण, रीवा।** शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को अचानक निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने वार्ड 27 पहुंचे जहां नालियों में कचरा मिलने पर संबंधित वार्ड दरोगा को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने 27 फरवरी को शहर के विभिन्न वार्डों का स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने वर्षा जल निकासी, नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वर्षा ऋतु में होने वाले जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को स्थायी समाधान के लिए स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेनेज हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन दुकानदारों द्वारा नालियों में कचरा डाला जा रहा है उन पर चालानी कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त, रोड पटरी पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। वार्ड 27 के निरीक्षण के उपरांत आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 38 एवं 39 में वर्षा ऋतु के दौरान उत्पन्न होने वाली बाढ़ एवें जलभराव की संभावित स्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन वार्डों के लिए भी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करे। इसके साथ ही नया तालाब क्षेत्र का सीमांकन करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कचरा फैलाने वाले दुकानदारों का 12,250 रूपये का स्पॉट फाइन



निगमायुक्त के निर्देश के बाद हरकत में आए निगम की स्वच्छता टीम द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 27 एवं 40 में विशेष चलाते हुए स्पॉट फाइन की कार्रवाई की। टीम द्वारा एसएएफ चौराहा से धोबिया टंकी तक भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने, नालियों में अपशिष्ट डालने तथा सड़क किनारे गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 12,250 रूपये की स्पॉट फाइन राशि वसूल की गई। और समझाइश भी दी गई। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, स्वच्छता निरीक्षक आकाश वर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रमजान के दूसरे जुम्मे पर अदा की नमाज



### मस्जिदों में सजदा के लिए झुके हजारों सिर

**जागरण, रीवा।** रमजान माह को लेकर मुस्लिम धर्मावलम्बियों में रोजे के साथ ही पांचों समय की नमाज अदा कर सजदा किए जाने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को रमजान माह की दूसरे जुम्मे की नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में समय से पूर्व ही समाजजन मस्जिदों में पहुंच गए और नमाज अदा कर शहर, सहित देश की तरक्की व सुरक्षा के लिए अल्लाह से दुआ की गई।

## केजरीवाल के बरी होने पर मनाया जश्न



**जागरण, रीवा।** दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आमआदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद्र केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित अन्य आरोपियों को ट्रायल कोर्ट द्वारा बरी किए जाने पर रीवा में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने जश्न मनाया। पटाखे फोड़े और मिठाई बांटकर कहा कि सत्य की जीत हुई। पूर्व जिला अध्यक्ष आम आप प्रमोद शर्मा ने कहा कि इस बात का अंतिम और निर्णायक प्रमाण है कि यह कोई घोटाला नहीं, बल्कि भाजपा द्वारा रची गई एक गंदी राजनीतिक साजिश थी। परिणामतः न एक भी ठोस सबूत न एक भी आरोप साबित। यह कोई साधारण विफलता नहीं, बल्कि एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल कर लोकतंत्र की हत्या का प्रयास था।

### सीबीआई को बैन किया जाए

फैसले को लेकर सपा के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। कहा कि सीबीआई अब जांच एजेंसी नहीं मोदी हुकूमत में सीबीआई ने बीजेपी की प्राइवेट कंपनी बनकर विपक्षी दलों के नेताओं को प्रताड़ित करने व दबाने का काम किया। सीबीआई को बैन किया जाना चाहिए।

### सत्य पराजित नहीं हो सकता

वहीं आप के प्रदेश नेता इंजीनियर दीपक सिंह ने कहा कि आज का दिन सत्य और न्याय में विश्वास रखने वालों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी और मनीष सिसोदिया जी को कथित भ्रष्टाचार मामले में निर्दोष ठहराया जाना सत्य की जीत और न्याय व्यवस्था पर भरोसे का प्रतीक है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। कहा इससे कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार होगा।

## नगर निगम रीवा के तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त



**जागरण, रीवा।** नगर निगम रीवा में पदस्थ रहे तीन कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि पूरी होने पर सेवानिवृत्त कर दिया गया। नगर निगम में सहायक ग्रेड 3 विनय कुमार मिश्रा, सिपाही मोहम्मद समीम एवं स्थाईकर्मी मकसूद खान की सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इन कर्मचारियों की अधिवार्षिकी सेवा 28 फरवरी को पूरी होनी है। इस दिन अवकाश होने के कारण एक दिवस पूर्व 27 फरवरी को विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी एवं एमएस सिद्दीकी द्वारा शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान सहायक आयुक्त केएन साकेत, रामनरेश तिवारी, एआरओ हेमन्त त्रिपाठी, नीलेश चतुर्वेदी एवं अन्य कर्मचारियों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिजन उपस्थित रहे।






**शहर का तापमान/मौसम**

अधिकतम 34.0°c | न्यूनतम 17.0°c

जिले भर में मौसम शुष्क रहने के साथ कोहरा/शीतलहर के आसार

## हिन्दू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग



**जागरण, रीवा।** शहर में भाजपा कार्यकर्ता सीताराम साकेत के घर के गृह प्रवेश कार्यक्रम में हिन्दू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने का मामला सामने आने पर शुक्रवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज मप्र ने विश्वविद्यालय थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर सीताराम साकेत के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की। मांगों में सीताराम साकेत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने, अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई व समाज में तनाव पैदा करने वाले आयोजकों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग रखी गई। इस दौरान अभा ब्राह्मण समाज प्रदेश सचिव पं. सतीश चौबे, सुधीर पांडे, बीके माला, जयकृष्ण पांडे, राजकुमार शुक्ला, रहीस कुमार शुक्ला सहित भारी संख्या में सवर्ण समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर (अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

## बीएड कॉलेज में दी गई डिजिटल ठगी से बचने की जानकारी



**जागरण, रीवा।** शहर के बीएड कॉलेज रीवा में वित्तीय साक्षरता से संबंधित कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से की जा रही ठगी से बचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद आरबीआई के एसडीओ रामनागर ने वित्तीय प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कर पैसे के आरबीआई के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया कि आने वाली पीढ़ी को यूपीआई के महत्व के बारे में बताएं। इसके साथ ही उन्होंने यूपीआई के माध्यम से होने वाले लेनदेन के बारे में बताया। कार्यक्रम में दिलीप कुमार शुक्ला ने डिजिटल माध्यम से हो रही ठगी से बचने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी लुभावने संदेशों के जाल में न फंसे। कार्यक्रम के अंत में आईडीएम जगमोहन ने प्राचार्य आर एन पटेल, डॉ. पीएन मिश्रा एवं उपस्थित सभी शिक्षकों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बीएड कॉलेज के लगभग 70 शिक्षक मौजूद रहे।

# पिछले 10 सालों का टूटा रिकार्ड फरवरी में अप्रैल की गर्मी का एहसास

### शुक्रवार को रीवा में 31 के पार पहुंचा पारा

### क्रमशः तापमान बढ़ने के आसार



जागरण, रीवा

इस साल गर्मी लोगों को बेहाल कर सकती है। जिस तरह से गर्मी दस्तक देना शुरू कर दिया है उससे प्रतीत होता है कि इस साल गर्मी शितम ढायेगी। मौसम वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान भी यही कह रहा है। फरवरी महीने में ही अप्रैल एहसास होने लगा है। 27 फरवरी को गर्मी ने पिछले 10 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया। अमूमन फरवरी महीने में तापमान 18 से 22 डिग्री तक रहता था लेकिन इस साल 30 से ऊपर पारा चढ़ चुका है। 27 फरवरी को रीवा में पिछले 10 सालों में दिन का तापमान सर्वाधिक 31.4 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के कई जिलों में तो 35 डिग्री तक पारा पहुंच चुका है। बताया गया है कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर सहित प्रमुख शहरों में दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है।

मौसम विभाग का अनुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना है। मध्य प्रदेश में इस बार मौसम ने अचानक करवट ले ली है। कुछ दिन पहले तक आंधी, बारिश और ओलों का असर था, लेकिन अब प्रदेश में गर्मी ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। हालात ऐसे बन गए हैं कि, फरवरी के आखिरी सप्ताह में ही अप्रैल जैसी गर्मी महसूस की जा रही है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को अभी से गर्मी का एहसास कराना शुरू कर दिया है। रीवा में फरवरी के पहले सप्त से ही पारा 25 के पार हो गया था। पिछले 10 दिनों से तो 28 डिग्री से अधिक गर्मी पड़ रही है। 26 व 27 फरवरी को 31 डिग्री से अधिक तापमान रहा। हालांकि 2 मार्च से वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने के आसार हैं। जिससे मौसम में बदलाव संभावित है। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं बतायी जा रही है।

### दिन में तेज गर्मी, रात में हल्की ठंड

प्रदेश में फिलहाल मौसम का मिजाज मिला-जुला नजर आ रहा है। दिन में तेज धूप के कारण गर्मी बढ़ रही है, लेकिन रात में हल्की ठंड का असर अभी भी बना हुआ है। रीवा में पिछले 10 दिनों से रात का तापमान 14 से 12 डिग्री के बीच ठहरा हुआ है। गुरुवार को रात का तापमान 12.6 डिग्री रहा जबकि अन्य दिनों में 14 डिग्री के आसपास रहा।

### ठंड हवाओं का असर हुआ कम इसलिए बढ़ी गर्मी

मौसम विभाग की माने तो तापमान में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण हैं उनमें सर्द हवाओं का असर लगभग खत्म हो चुका है। फिलहाल मौसम शुष्क है। आसमान साफ है और धूप तेज हो रही है।

पश्चिमी हिस्से में सक्रिय सिस्टम का सीधा असर मध्य प्रदेश पर नहीं पड़ रहा। पूर्वोत्तर भारत के ऊपर ऊंचाई पर तेज जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं, जिनका असर उत्तरी क्षेत्रों में देखा जा रहा है। लेकिन मध्य प्रदेश में नहीं दिख रहा। जिससे तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है।

### पिछले 10 साल के तापमान पर एक नजर

| वर्ष | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 2025 | 29.9 डिग्री | 12.9 डिग्री |
| 2024 | 22.0 डिग्री | 12.0 डिग्री |
| 2023 | 25.5 डिग्री | 9.4 डिग्री |
| 2022 | 21.1 डिग्री | 11.3 डिग्री |
| 2021 | 27.8 डिग्री | 10.4 डिग्री |
| 2020 | 23.1 डिग्री | 6.7 डिग्री |
| 2019 | 18.4 डिग्री | 10.0 डिग्री |
| 2018 | 27.2 डिग्री | 10.7 डिग्री |
| 2017 | 23.5 डिग्री | 8.6 डिग्री |
| 2016 | 22.3 डिग्री | 6.7 डिग्री |

(रीवा के परिप्रेक्ष्य में तापमान में विचलन हो सकता है)

### पिछले 10 दिनों का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| 27 फरवरी | 31.4 डिग्री | 14.2 डिग्री |
| 26 फरवरी | 31.0 डिग्री | 12.6 डिग्री |
| 25 फरवरी | 28.8 डिग्री | 13.2 डिग्री |
| 24 फरवरी | 28.7 डिग्री | 14.8 डिग्री |
| 23 फरवरी | 28.4 डिग्री | 15.3 डिग्री |
| 22 फरवरी | 29.5 डिग्री | 14.8 डिग्री |
| 21 फरवरी | 28.5 डिग्री | 15.6 डिग्री |
| 20 फरवरी | 25.8 डिग्री | 12.8 डिग्री |
| 19 फरवरी | 27.7 डिग्री | 10.6 डिग्री |
| 18 फरवरी | 27.4 डिग्री | 08.6 डिग्री |

## 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक संपन्न



**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। विद्युत प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण हेतु नवीन जिला न्यायालय भवन के कान्फ्रेंस हाल में विद्युत विभाग के पदाधिकारीगण एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत न्यायाधीश वारीन्द्र कुमार तिवारी, जिला न्यायाधीश एवं माहित कुमार, जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा ने विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को आगामी नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में अधिक से अधिक निराकरण किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## विशाल देउर बौद्ध महोत्सव आज

**रीवा।** परम्परानुसार आयोजित होने वाला विन्ध्य की पहचान बन चुका देउर बौद्ध महोत्सव आज धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसमें देश के कोने-कोने से आने वाले बौद्ध विद्वान, साहित्यकार व बुद्धिजीवी शिरकत करेंगे। मुख्य अतिथि पूज्य भिक्खुनी विजया मैत्री (नागपुर, महाराष्ट्र) अध्यक्षता पूज्य भिक्खु करूणा रक्खित (सारनाथ, उप्र), विशिष्ट अतिथि-पूज्य भिक्खुनी निम्नल मेत्ता (बिजनौर, उप्र) राष्ट्रीय स्तर के कवि मांगीलाल मरमिट (ग्वालियर) वरिष्ठ समाजसेवी धम्म उपासिका-भीमाताई (बालाघाट) होंगी। कार्यक्रम में बुद्धधम्म के विकास में महाकवि विनीत विक्रम बौद्ध जी के योगदान विषय पर प्रबोधन होगा। इस अवसर पर महाकवि विनीत विक्रम बौद्ध संस्थान के अध्यक्ष रावेन्द्र बौद्ध ने अधिकाधिक लोगों से सपरिवार व इष्ट मित्रों सहित देउर पहुंचने की अपील की है।

## बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों ने केन्द्रीय जेल का किया औचक निरीक्षण



**रीवा।** कारागारों में जाति आधारित भेदभाव या इस प्रकार की भेदभावपूर्ण प्रथाओं एवं अन्य परिस्थितियों के संबंध में जेलों का निरीक्षण करने हेतु गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा केन्द्रीय जेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बोर्ड ऑफ विजिटर्स के अध्यक्ष राकेश मोहन प्रधान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, समीर कुमार मिश्रा जे.एम.एफ.सी. एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सदस्य प्रतिभा पाल कलेक्टर, सपना त्रिपाठी अपर कलेक्टर, शैलेन्द्र सिंह चौहान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रीवा, राजीव अग्रवाल अति. पुलिस अधीक्षक, अभय मिश्रा जिला विधिक अधिकारी एवं लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के उपाध्यक्ष आनन्द पाण्डेय सहित पैरालीगल वालेंटियर तथा बोर्ड ऑफ विजिटर्स के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा समस्त बंदी वार्डों, जेल अस्पताल, कारखाना, महिला वार्ड, खाद्यान्न भण्डारण कक्ष समेत अन्य स्थानों का निरीक्षण कर जेल की सुरक्षा एवं बंदियों की उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया गया। बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के बारे में पूंछा गया। केन्द्रीय जेल में किसी प्रकार का जातिगत भेदभाव नहीं पाया गया। पाकशाला का भ्रमण कर बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन का अवलोकन टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय जेल की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था अच्छी पाई गई। अतिसंकुलता को दृष्टिगत रखते हुये जेल के पृथक सेक्टर में चल रहे अतिरिक्त बैरिक निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों के भ्रमण के दौरान जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक, डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद प्रजापति संविदा चिकित्साधिकारी, श्याम सिंह कुशवाह सहायक जेल अधीक्षक एवं हेमंत रावल सहायक जेल अधीक्षक के साथ-साथ समस्त जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

## ग्रीष्मकाल का आगाज होते ही जिला चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड का एसी बंद

### फर्श पर फैल रहा पानी, मरीज और उनके परिजन हो रहे परेशान



**जागरण, रीवा।** ग्रीष्मकाल का आगाज हो चुका है, सुबह-शाम वातावरण ठंडा है किन्तु दोपहर में गर्मी का एहसास होने लगा है। जिला चिकित्सालय का एयर कंडीशनर पिछले पांच दिनों से बंद पड़ा है, जिसे सुधरवाने की सुध नहीं ली जा रही। एसी बंद होने से अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती मरीज परेशान हो रहे हैं। ठंड का असर कम होते ही मच्छरों की संख्या में इजाफा हुआ है, जिससे मच्छरों की भी भरमार है। वार्ड के फर्श पर पानी जमा रहता है, जिससे लोगों के फिसलने का भय बना रहता है, कचरा फेंकने के लिए यहां डस्टबिन तो रखा है, किन्तु कचरा उसकी बजाय बाहर पड़ा है। सुबह एक बार सफाई करने के बाद दोबारा सफाई करने वाले भी दिखाई देते। डस्टबिन के समीप पड़े कचरे में भी मक्खी, मच्छर भिनभिनाते रहते हैं। पांच दिनों से बंद पड़े एसी की आज तक कोई जांच करने भी आया, कब एसी सुधरेगा और मरीजों को कब राहत मिलेगी, कहना मुश्किल है।

## खुले फ्यूज बाक्स, खतरे में शहरवासियों की जान

### कहीं वर्षों से तो कहीं महीनों से खुले पड़े ट्रांसफार्मर, कुछ के तो ढक्कन तक नदारद



**जागरण, रीवा।** बिजली वितरण कंपनी ने शहरवासियों को खतरे में डाल रखा है। शहर भर में कहीं वर्षों से तो कहीं महीनों से ट्रांसफार्मर खुले पड़े हैं। इतना ही नहीं कुछ के दो दरवाजे नदारद ही हैं। जिससे शहर भर को खुले ट्रांसफार्मरों से खतरा बना हुआ है। आए दिन बिजली फाल्ट होने पर किसी कार्य के दौरान ट्रांसफार्मर से बिजली बंद-चालू की जाती है, लेकिन इसे बंद करने की ध्यान नहीं दिया जाता। शहर के वार्ड 12 में स्कूल के गेट पर, बजरंग नगर, खुटेही, पीटीएस, खन्ना चौराहा, पुष्पराज नगर आदि क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खुले पड़े हैं, ये तो कुछ उदाहरण मात्र है, शहर भर में भ्रमण किया जाएग तो दर्जनों की संख्या में खुले ट्रांसफार्मर देखने को मिल सकते हैं, तो खहरवासियों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

## वेटरन अचीवर अवार्ड से सम्मानित किए गए रीवा के रिटा. कैप्टन दर्शन सिंह



**जागरण, रीवा।** दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कैप्टन दर्शन सिंह कर्चुली को वेटरन अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्री सिंह को यह अवार्ड सेना से सेवानिवृत्त होने के पश्चात् समाज,शिक्षा,पूर्व सैनिक कल्याण की दिशा में किये जाने वाले असाधारण योगदान के लिये सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी द्वारा प्रदान किया गया है। वेटरन अचीवर अवार्ड भारतीय सेना द्वारा उन सेवानिवृत्त सैनिकों को दिया जाने वाला प्रतिष्ठित सम्मान है जो सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज,शिक्षा,पूर्व सैनिक कल्याण या राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय व असाधारण योगदान देते हैं। गत 24 फरवरी 2026 को दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय( साउथ ब्लॉक) में आयोजित सम्मान समारोह में देश के 4 पूर्व सैनिकों को वेटरन अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें रीवा के रिटायर कैप्टन दर्शन सिंह कर्चुली भी शामिल हैं। मूलत~ रीवा जिले के डिहिया( गोविंदगढ़) निवासी हाल मुकाम चिरहुला कालोनी रीवा श्री सिंह वर्ष 2004 में सेना से सेवानिवृत्त हुये थे। मप्र के भिंड और सागर जिले में जिला सैनिक कल्याण अधीक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके कैप्टन दर्शन सिंह कर्चुली स्थानीय बांधव पब्लिक स्कूल रीवा में प्राचार्य एवं आईसीआईसी एमबीए कालेज रीवा में प्रबंधक रह चुके हैं। वर्तमान में जिला न्यायालय रीवा में वकालत कर रहे हैं। इन्हें सेवाकाल में भी कई सम्मान मेडल मिल चुके हैं। श्री सिंह जिले के चिकित्सक डॉ.जय सिंह कर्चुली के पिताश्री हैं।

### शुभ चिंतकों ने दी बधाई

कैप्टन दर्शन सिंह कर्चुली को वेटरन अचीवर अवार्ड मिलने पर डॉ.राहुल मिश्रा, डॉ.पंकज चौधरी, डॉ.अजीत मार्को, डॉ.बीपी सिंह, वीरेन्द्र सिंह इंजी., डॉ.विपुल सिंह, केपी सिंह,गणेश प्रताप सिंह ,रजनीश शुक्ला ,शत्रुघ्न सिंह, महावीर प्रताप सिंह, पुष्पराज सिंह, विक्रम सिंह ,इंजी.आशुतोष सिंह , डॉ.विभा सिंह , डॉ.विवेक सिंह , इंजी.विकास सिंह ,मांडवी सिंह ,अंजलि सिंह, प्राची सिंह सहित अन्य ने बधाई प्रेषित की है।

**विधानसभा में मामला उठने पर**

# स्कूलों में रंगाई पुताई के नाम पर किये गये फर्जीवाड़े पर रीवा में भी एक्शन शुरू

### प्रभारी एपीसी और गुढ़ प्राचार्य को संभागायुक्त ने किया निलंबित




**जागरण, रीवा।** स्कूलों में रंगाई पुताई के नाम पर करोड़ों के भ्रष्टचार का मामला विधानसभा में उठने के बाद प्रशासन एक्शन पर आग या है। घोटाले में कार्यवाही की गाज गिरनी शुरू हो गयी है। कमिश्नर बीएस जामोद ने एपीसी रमसा सुधाकर तिवारी एवं गुढ़ पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य विनय मिश्रा को निलंबित कर दिया है। यह पूरा मामला बिना कार्य के ही ठेकेदार के खाते में राशि भुगतान कर दिये जाने का है। इस कार्रवाई से पूरे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। इस मामले में अभी भी कुछ और दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है। संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय संयुक्त संचालक कार्यालय रीवा रहेगा तथा श्री मिश्र का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रीवा रहेगा। दोनो को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। गौरतलब है कि संचालनालय द्वारा 43 उत्कृष्ट विद्यालयों के भवनों में सुधार कार्य के लिए 50 लाख रुपए आवंटित किए गए थे। इस आवंटन के भुगतान के संबंध में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर तीन सदस्यीय समिति द्वारा जांच कराई गई। भुगतान के संबंध में दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया। नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने तथा जाँच समिति द्वारा वित्तीय अनियमितता का प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। जांच प्रतिवेदन अनुसार कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रीवा में अनुरक्षण संबंधी कार्यों के भुगतान की नस्ती के रख-रखाव एवं प्रस्तुतीकरण का दायित्व सुधाकर तिवारी प्रभारी एपीसी का था। श्री तिवारी द्वारा शासकीय नियम एवं निर्देशों के प्रतिकूल कार्य करते हुए दस्तावेजों का परीक्षण किये बिना नस्ती तैयार कर भुगतान हेतु प्रस्तुत की गई। प्राचार्य शा.उ. मा.वि. पैपखरा जिला रीवा, प्राचार्य हाई स्कूल खटखरी एवं प्राचार्य शा. हाई स्कूल बढैया जिला मउगंज द्वारा किये गये कथन अनुसार उन्होंने न तो अनुरक्षण हेतु किसी प्रकार की मांग की, न बजट प्राप्त होने की जानकारी हुई और न ही देयक में हस्ताक्षर किये गये।

**बिना परीक्षण के कर दिया गया भुगतान :** इस संबंध में एपीसी सुधाकर तिवारी को 12 फरवरी 26 से कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब लिया गया। श्री तिवारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवाद का परीक्षण कराया गया, जिसमें पाया गया कि भुगतान हेतु नस्ती श्री तिवारी द्वारा प्रस्तुत की गई। ऐसी स्थिति में नस्ती के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों के परीक्षण का दायित्व श्री तिवारी का था किन्तु उनके द्वारा वास्तविक तथ्य प्रस्तुत नही किये गये। 03 विद्यालयों के प्राचार्यों को अनुरक्षण हेतु प्राप्त राशि की सूचना तक प्राप्त न होना तथा सम्पूर्ण राशि का भुगतान हो जाना पाया गया है। श्री तिवारी का यह कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में बरती गई घोर लापरवाही का सबूत है।

### भुगतान के अनुरूप नहीं किया गया कार्य

शा.उ.मा.वि. गुढ़ के प्राचार्य विनय मिश्र के विरुद्ध की गई जाँच में पाया गया कि निर्माण / मरम्मत तथा अन्य कार्य ठेकेदार सत्यव्रत तिवारी ग्राम देवरा पो0 खटखरी जिला मऊगंज को दिया गया था। जाँच दल द्वारा कार्य के स्थल परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि ठेकेदार को जितना भुगतान किया गया है, उस अनुपात में कार्य नही कराया गया है। श्री मिश्र द्वारा शासन निर्देशो के अनुरूप एवं भण्डार क्रय नियम 2015 यथा संशोधित नियम 2022 प्रकिया का पालन किये बिना कार्य पूर्ण न होने पर भी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया गया तथा देयक का सत्यापन कर राशि का भुगतान ठेकेदार को कराया गया। आंशिक कार्य होने के बाद भी कार्य पूर्ण बताकर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया गया तथा देयक का सत्यापन कर 5.00 लाख के भुगतान की अनुशंसा की गई। जिस आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भुगतान हुआ।

## सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में अव्यवस्था का आरोप, विरोध में 10 मार्च को धरना

**रीवा।** विंध्य क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए निर्मित सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में नियुक्त डॉक्टरों द्वारा मरीजों के उपचार में की जा रही लापरवाही के विरुद्ध 10 मार्च को एक दिवसीय धरना दिए जाने के संबंध में वार्ड पार्षद अर्चना अमृतलाल मिश्रा के नेतृत्व में संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से जानकारी दी गई है कि शासन की मंशानुसार रीवा संभाग में जनहित के लिए स्वास्थ्य सुविधा और संकट में जीवन की सुरक्षा हेतु अरबों रूपए खर्च कर सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का निर्माण कराया गया है। आधुनिक मशीनरी लगाई गई करोड़ो रूपए डाक्टरों को वेतन वितरित की जा रही हैं। लेकिन दुर्भाग्य हैं कि आम जन के लिए शासन की यह सुविधा स्थानीय डाक्टरों की अकर्मण्यता के कारण नहीं मिल पा रही है। जब कोई परिजन अपने मरीज को जिंदगी और मृत्यु से सघर्षरत अवस्था में जूझते इलाज उम्मीद लेकर अस्पताल मे पहुँच कर त्वरित उपचार के लिए डॉक्टर के सामने गिड़गिड़ाते रहते हैं पर उनकी उम्मीद पूरी नहीं होती। उसे निराशा ही हांथ लगती है। ज्ञापन में बताया गया है कि विगत 19 फरवरी को मेर पति सुपर स्पेशलल्टी में घंटे भर ऊपर से नीचे भटकाने के बाद भी एक पैसे का इलाज नहीं किया गया। मजबूरन उनको बचाने हेतु उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। इस अव्यवस्था के विरोध में 10 मार्च को सुबह बजे से दोपहर दो बजे तक एक दिवसीय धरना देकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

## होली और वैवाहिक सीजन में ट्रेनों में लंबी वेटिंग, यात्रियों की बढ़ी परेशानी



**जागरण, रीवा।** होली का त्योहार और वैवाहिक सीजन के चलते रीवा से चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। स्थिति यह है कि अधिकांश ट्रेनों में आरक्षित श्रेणी की सीटें फुल हो चुकी हैं और वेटिंग लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही है। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण यात्रियों को कंफर्म टिकट के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार दिल्ली, भोपाल, मुंबई, प्रयागराज और जबलपुर रूट की ट्रेनों में सबसे अधिक दबाव देखा जा रहा है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि त्योहारों के दौरान अतिरिक्त भीड़ सामान्य बात है, लेकिन इस बार वैवाहिक मुहूर्त अधिक होने से यात्रियों की संख्या और बढ़ गई है। कई ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार पहुंचने की जानकारी सामने आ रही है।

### आज से चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाई है। भोपाल से आने जाने वाले यात्रियों को इससे काफी राहत मिलेगी। बताया गया कि गाड़ी संख्या 02192/02191 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन (01-01 ट्रिप) व गाड़ी 02192 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी 2026 को रीवा से दोपहर 12.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21.15 बजे रानी कमलपति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02191 रानी कमलपति से रीवा स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी 2026 को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07.30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 02186/02185 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन (02-02 ट्रिप) व गाड़ी 02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 02 एवं 03 मार्च 2026 को रीवा से दोपहर 12.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21.15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 02 एवं 03 मार्च 2026 को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07.30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसके साथ ही गाड़ी संख्या 01704/01703 भोपाल-रीवा-भोपाल होली स्पेशल ट्रेन (01-01 ट्रिप) गाड़ी 01704 भोपाल से रीवा स्पेशल ट्रेन 05 मार्च 2026 को भोपाल से सुबह 10.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 20.45 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01703 रीवा से भोपाल स्पेशल ट्रेन 05 मार्च 2026 को रीवा स्टेशन से रात 22.20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 09.05 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# सामरिक साझेदारी तक बढ़ेंगे आपसी संबंध

भारत विश्व की एक महाशक्ति है, सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था है और सबसे विशाल, सशक्त लोकतंत्र है। यह इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी माना और ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे देश में दोबारा गए, जिसे 10 अरब देश मान्यता ही नहीं देते, लेकिन किसी भी मुस्लिम देश ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का घोषित विरोध नहीं किया। वैसे भारत में भी वामपंथी किस्म की ताकतें चिलचिलाती रही हैं कि इजरायल की मान्यता रद्द करें। इजरायल को भारत ने मान्यता 1992 में तब दी थी, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और कुछ वामपंथी सांसद भी उस अल्पमत सरकार को समर्थन दे रहे थे। बहरहाल महत्वपूर्ण सवाल यह है कि करीब 1.20 करोड़ की आबादी वाला इजरायल, मेघालय राज्य के लगभग बराबर, 147 करोड़ से अधिक की सर्वाधिक आबादी वाले भारत के लिए इतना जरूरी और रणनीतिक साझेदार क्यों है? क्योंकि नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, एआई, साइबर सुरक्षा, हाईटेक विनिर्माण, सेवाओं, रेगिस्तान में खेती, पानी प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग के संदर्भ में इजरायल भी भारत का आजमाया हुआ मित्र-देश है। वह भारत को 'हैरोन ड्रोन' देगा, जो 35,000 फुट की ऊंचाई पर लगातार 45 घंटे तक और 470 किग्रा सामान लेकर उडने़ में सक्षम है। इजरायल ड्रोन प्रौद्योगिकी का 'मास्टर देश' है। वह नवाचार का भी 'पॉवरहाउस' है। उसने कृषि में क्रांति की है और वह 'आयरन डोम' वायु रक्षा प्रणाली वाला देश है, जिसकी सफलता-दर 90 फीसदी के करीब है।

द्विपक्षीय बातचीत के बाद, दोनों नेता संबंधों को 'विशेष सामरिक साझेदारी' तक बढ़ाने पर सहमत हुए, और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी साझेदारी पर दस्तखत किये जो एआई, कृषि, संस्कृति और शिक्षा पर हुए 15 से ज्यादा एमओयू में शामिल है। वे अगले पांच सालों में इजराइल में 50,000 भारतीय कामगारों के रोजगार का मार्ग प्रशस्त करने पर भी राजी हुए। भारत से संबंध और मोदी के लिए नेतन्याहू की गहरी प्रशंसा में, तथा इस पूरी मुलाकात में जो शिद्दत थी वह मोदी के साल 2017 के दौरे से भी ज्यादा थी। यह शायद दौरे के वक्त के कारण है, क्योंकि गाजा में हताहतों की भारी तादाद और वेस्ट बैंक में बस्तियां बसाने की नेतन्याहू की योजनाओं को लेकर इजराइल लगातार ज्यादा अलग-थलग पड़ता जा रहा है।

नेतन्याहू को इस साल के आखिर में चुनाव में जाना है, जिसे उनकी सरकार में कथित भ्रष्टाचार के साथ-साथ साल 2023 में सुरक्षा चूक और इजराइल की जवाबी कार्रवाई में नागरिकों की मौतों के लिए जवाबदेही के संबंध में उनके ट्रैक रिकॉर्ड पर रायशुमारी के रूप में देखा जायेगा। मोदी का दौरा उन्हें राजनीतिक रूप से मजबूती देगा। कनेसेट में अपने भाषण में, मोदी ने फिलिस्तीनी संप्रभुता का केवल घुमा-फिरा कर उल्लेख किया। लेकिन गाजा पर इजराइली हमलों में भारी तादाद में मौतों, 72,000 से ज्यादा, का कोई जिक्र नहीं किया।

द्विपक्षीय से इतर, उनकी यात्रा के परिणामों का वैश्विक रूप से मूल्यांकन व्यापक पश्चिम एशियाई पास-पड़ोस पर इसके असर से किया जायेगा। पहला, उनका यह एलान कि भारत-इजराइल-यूएई और भारत-इजराइल-यूएई- यूएस (आई2यू2) को नयी गति मिलेगी, नयी दिल्ली के इस विश्वास की ओर इशारा करता है कि ध्रुवीकृत माहौल और हाल की गहरी दरारों के बावजूद क्षेत्रीय पहलकदमियां अब भी संभव हैं। दूसरा, इजराइल के साथ मजबूती से खड़े होने के निर्णय का खामियाजा उन दूसरी पश्चिमी एशियाई ताकतों के साथ भारत के संबंधों को भुगतना पड़ सकता है, जो भारत से उम्मीद करती हैं कि वह इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष में अपने ऐतिहासिक रूप से सुविचारित क्षेत्रीय संतुलन, और शांति, नैतिकता व करुणा के सिद्धांतों पर अडिग रहेगा।

## प्रसंगवश

# भाईचारे के लिए सुप्रीम कोर्ट का सख्त संदेश

सवाल है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को लक्ष्य कर बोलने की आजादी के तहत जो भी कहा जाता है, क्या कभी उसके आधार और असर को लेकर भी विचार करने की कोशिश की जाती है? भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है।


अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है।

इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए।

जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए किसी भी समुदाय को बदनाम करना, उस पर धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर निशाना साधना संविधान का उल्लंघन है।

दरअसल, पिछले कुछ समय से देश भर में अलग-अलग संदर्भ में कुछ नेताओं के बयानों या फिल्मों ने कई बार विवाद की स्थिति खड़ी कर दी। सार्वजनिक रूप से वैसी बातें करने में भी संकोच नहीं किया गया, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं था, लेकिन उसने जन मानस के बीच राय बनाने में भूमिका निभाई। वे फिल्मों में चित्रित ब्योरे हों या किसी नेता का बयान, ऐसे अनेक मौके सामने आए, जब उसकी वजह से नाहक विवाद खड़ा हुआ, आपसी सद्भाव को नुकसान पहुंचा और यहां तक कि कोई खास समुदाय अपने आपको कठघरे में खड़ा या असुरक्षित महसूस करने लगा।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि सद्भावना और आपसी भाईचारा देश के संविधान के बुनियादी उद्देश्यों में से एक है। अनुच्छेद 51ए(ई) के तहत हर नागरिक का यह बुनियादी कर्तव्य है कि वह धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय विविधताओं की सीमा से अलग होकर नागरिकों के बीच सद्भावना और सहयोग को बढ़ावा दे। मगर धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर अगर किसी व्यक्ति या समुदाय को निशाना बनाया जाता है, तो यह संविधान और मानवीय मूल्यों का विरुद्ध है।




## नया ट्रेंड

# बढ़ रहा प्री मैरिज काउंसलिंग का चलन, सगाई से पहले तय कर रहे कि अगला कदम उठाना है या नहीं

> एक्सपर्ट्स का कहना है कि शादी से पहले काउंसलिंग अक्सर 26-35 साल के क्लाइंट्स लेते हैं, हालांकि कुछ 40 साल की उम्र के लोग भी सेशन के लिए साइन अप कर रहे हैं।

● टीनी सारा एनियन ●

बेंगलुरु के रिलेशनशिप काउंसलर की एक रिपोर्ट में शादी से पहले काउंसलिंग सेशन में तेज़ी बताईगई है। वे कहते हैं कि सगाई कर चुके कपल्स, लिव-इन या लॉन्ग-टर्म रिलेशनशिप में रहने वाले और दूसरी शादी की प्लानिंग कर रहे लोग उनकी मदद ले रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

साइकेट्रिस्ट डॉ. सफिया एम. एस. ने पिछले पांच सालों में शादी से पहले काउंसलिंग लेने वाले कपल्स और लोगों में 30-40 फीसद की बढ़ोतरी देखी है। वह आगे कहती हैं कि ऐसा सिर्फ थेरेपी के बारे में ज़्यादा अवेयरनेस होने की वजह से नहीं है, बल्कि रिश्तों और शादी के फैसले लेने के तरीके में भी बदलाव की वजह से है। वह कहती हैं, न सिर्फ़ पार्टनर के मामले में बल्कि खर्च और शादी के स्टाइल के मामले में भी फैसले लेने का काम अब माता-पिता से हटकर शादी कर रहे कपल के हाथ में आ गया है।



### दूसरी शादी वाले भी ले रहे काउंसलिंग

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, मुनिस्वामी के एस, इस बात से सहमत हैं कि शादी से पहले काउंसलिंग की पूछताछ और सेशन में काफ़ी बढ़ोतरी हुई है। पिछले तीन सालों में, करीब 70 फीसदी क्लाइंट ऐसे लोग हैं जो दूसरी शादी करने के बारे में सोच रहे हैं। साइकोथेरेपिस्ट कला बालासुब्रमण्यम भी इससे सहमत हैं। वह कहती हैं, यह एक बढ़ता हुआ सेगमेंट है, क्योंकि लोग दर्दनाक अनुभवों को दोहराने से बचना चाहते हैं। ऐसे मामलों में, अलग हो चुके लोगों का ध्यान अक्सर पिछली शादियों के अनसुलझे बोझ पर चला जाता है।

### रेड फ्लैग्स को पहचानना जरूरी

डॉ. सफिया कहती हैं कि शादी से पहले काउंसलिंग से उन पैटर्न को पहचानने में मदद मिल सकती है जो बाद में बड़ी प्रॉब्लम बन सकते हैं, खासकर खराब कम्युनिकेशन और क्लैरिटी की कमी। वह कहती हैं, फाइनेंस और पैसे कौन मैनेज करेगा, इस पर गहरी बातचीत बहुत ज़रूरी है।

वह आगे कहती हैं कि कुछ मामलों में, काउंसलिंग से कपल्स को शादी कैंसल करने में भी मदद मिली है। वह कहती हैं कि एक मामले में, झगड़ा पैसे को लेकर था। आदमी चाहता था कि उसकी पार्टनर के पैसे जॉइंट अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएं, लेकिन वह फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस चाहती थी। दूसरी डील-ब्रेकर बातें धर्म और ससुराल वालों के साथ रहना हैं। जया एक ऐसा मामला याद करती हैं जहां एक कपल को एहसास हुआ कि वे बच्चे पैदा करने के मुद्दे पर सहमत नहीं हैं। और उन्होंने शादी आगे न बढ़ाने का फैसला किया।

### 20 से 40 की उम्र तक के लोग आ रहे

एक्सपर्ट्स का कहना है कि शादी से पहले काउंसलिंग अक्सर 26-35 साल के क्लाइंट्स लेते हैं, हालांकि 40 की उम्र के कुछ लोग भी सेशन के लिए साइन अप करते हैं। डॉ. सफिया कहती हैं कि ऐसे कपल्स ज़्यादा आ रहे हैं, जो डेटिंग कर रहे हैं। यहां तक कि कई लोग अब सगाई से पहले यह तय करने के लिए आते हैं कि अगला कदम उठाना है या नहीं। एंगेज्ड कपल्स अक्सर झगड़ा बढ़ने के बाद आते हैं। परिवार और शादी से जुड़ा थर्ड-पार्टी का दखल बार-बार होता है, जिसमें फाइनेंस, शादी के खर्च, शादी के स्टाइल और शादी कैसे करनी चाहिए, इस पर भी असहमति होती है।

#### आम टॉपिक पर चर्चा

एक्सपर्ट बताते हैं कि ज़्यादातर कपल्स फ़ैमिली प्लानिंग, फ़ाइनेंस, करियर में बदलाव और रहने का इंतज़ाम जैसे कुछ आम टॉपिक पर चर्चा के लिए आ रहे हैं। डॉ. सफिया बताती हैं कि धर्म और धार्मिक रीति-रिवाज़ों में अंतर के कारण होने वाला मनमुटाव भी उनके क्लाइंट्स के बीच आम है।

#### अंतरंगता को लेकर चिंताएँ

सेक्सुअलिटी एजुकेटर जया अयप्पा कहती हैं, अक्सर उनके सेशन में इंटीमेसी का लेकर चर्चाएं सामने आती हैं। कई कपल्स इंटिमेसी को समझने और अपनी सेक्सुअल ज़रूरतों को समझने में सपोर्ट चाहते हैं। आगे कहती हैं कि बड़ा परिवार कितना शामिल होगा, और बच्चों से जुड़े फ़ैसलों पर बात की जाती है। कई लोगों को रिश्तों में बाउंड्री पर बात करने में भी मदद की ज़रूरत होती है।

## ऑटो अपडेट

### पीएम मोदी और नेतन्याहू ने देखी रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350

# इजराइल में दिखा मेड इन इंडिया का जलवा

पीएम मोदी की इजराइल यात्रा के दौरान यरुशलम टेक प्रदर्शनी में मेड इन इंडिया रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350 छाई रही। पीएम मोदी और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस शानदार रेट्रो-बॉबर बाइक का खास मुआयना किया। 349सीसी इंजन और एडवांस फीचर्स से लैस यह देसी बाइक आज वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती ऑटोमोबाइल ताकत और दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों की एक बेहतरीन मिसाल बन गई है।

वैसे तो इस इवेंट में एआई, स्पेस और स्मार्ट मोबिलिटी जैसी कई फ्यूचर टेक्नोलॉजीज दिखाई गईं। लेकिन ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए सबसे खास पल तब आया जब दोनों नेताओं की नजरें एक शानदार देसी बाइक पर जाकर टिक गईं। इस हाई-टेक एग्जीबिशन में भारत की शान रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350 को भी शोकेस किया गया था। दोनों प्रधानमंत्रियों को इस मशहूर बाइक के पास खड़े होकर चर्चा करते देखा गया। यह सिर्फ एक तस्वीर नहीं बल्कि ग्लोबल मंच पर भारत की मैन्युफैक्चरिंग ताकत का बड़ा सबूत है। आपको बता दें कि इजराइल में भी रॉयल एनफील्ड की बाइक्स काफी पॉपुलर हैं और वहां राइडर्स की एक बहुत बड़ी कम्युनिटी इसे रोजमर्रा की राइडिंग के लिए



### क्लासिक-बॉबर लुक

- गोअन क्लासिक 350 अपनी परफॉर्मेंस के साथ-साथ अपने रेट्रो-बॉबर डिजाइन के लिए जानी जाती है- फ्लोटिंग सिंगल सैडल- हवा में तैरती हुई सी दिखने वाली आरामदायक सिंगल सीट।
- एप-हैंगर हैंडलबार- थोड़ा ऊंचा और कॉम्पैक्ट हैंडल, जो राइडर को कूल और रिलैक्सिंग पोस्चर देता है।
- पहिए और टायर- इसमें क्रॉस-स्पोक वाले ट्यूबलेस व्हील्स दिए गए हैं। इसके टायर्स के किनारों पर सफेद पट्टी है जो इसे एक विंटेज और प्रीमियम लुक देती है।

### इस बाइक में क्या है खास?

- इस बाइक में 349सीसी का एयर-ऑयल कूल्ड इंजन लगा है। इसमें 5-स्पीड गियरबॉक्स है। 2026 मॉडल में असिस्ट और स्लिपर क्लच जोड़ा गया है। इसका फायदा यह है कि गियर बदलना बहुत हल्का और आसान हो जाता है, और तेज स्पीड में गियर कम (डाउनशिफ्ट) करते वक्त पीछे का पहिया स्लिप या लॉक नहीं होता।
- फास्ट चार्जिंग- सफर के दौरान फोन या नेविगेशन डिवाइस चार्ज करने के लिए इसमें अब फास्ट-चार्जिंग सपोर्ट वाला यूएसबी टाइप-सी पोर्ट भी दिया गया है।

## नई स्टडी

# उंगली की लंबाई से पता लगा सकते हैं मानव मस्तिष्क का विकास



मानव विकास लंबे समय से मस्तिष्क के आकार से जुड़ा हुआ है, और नए शोध से पता चलता है कि जन्मपूर्व हार्मोन ने इसमें आश्चर्यजनक भूमिका निभाई होगी। शोधकर्ताओं ने तर्जनी और अनामिका उंगलियों की सापेक्ष लंबाई का अध्ययन करके पाया कि, प्रसव के पहले उच्च एस्ट्रोजन जोखिम नवजात लड़कों में सिर के आकार बड़ा होने का एक कारण हो सकता है। तर्जनी और अनामिका उंगलियां एस्ट्रोजेन और टेस्टोस्टेरोन के जन्मपूर्व जोखिम का एक मार्कर है। नए शोध से पता चलता है कि यह विस्तार आंशिक रूप से जन्म से पहले एस्ट्रोजन के स्तर से प्रभावित हो सकता है, जिसमें हमारी उंगलियों की लंबाई एक अप्रत्याशित संकेतक है।



यह माप तर्जनी की लंबाई की तुलना अनामिका से करता है, वैज्ञानिकों ने दिखाया है कि यह अनुपात गर्भावस्था की पहली तिमाही के दौरान भ्रूण के संपर्क में आने वाले एस्ट्रोजन और टेस्टोस्टेरोन के संतुलन को दर्शाता है। जब जन्मपूर्व एस्ट्रोजन का स्तर टेस्टोस्टेरोन के सापेक्ष अधिक होता है, तो तर्जनी अनामिका से अधिक लंबी हो जाती है।

### 225 नवजात शिशुओं की उंगलियों की जांच

नवजात शिशुओं में सिर की परिधि मस्तिष्क के आकार और बाद में बुद्धि के माप से दृढ़ता से जुड़ी होती है, अनुसंधान टीम ने 225 नवजात शिशुओं के समूह में उंगलियों के अनुपात और सिर के आकार दोनों की जांच की। समूह में 100 लड़के और 125 लड़कियाँ शामिल थीं। परिणामों ने लड़कों में एक स्पष्ट पैटर्न दिखाया। उच्च 2डी बाय 4डी अनुपात, जो अधिक प्रसवपूर्व एस्ट्रोजन जोखिम की ओर इशारा करता है, बड़े सिर परिधि से जुड़ा था। लड़कियों में ये रिश्ता नहीं दिखा. प्रोफेसर मैनिंग ने निष्कर्षों के व्यापक महत्व को समझाया। यह खोज मानव विकास के लिए प्रासंगिक है क्योंकि मस्तिष्क के आकार में वृद्धि कंकाल के स्त्रीकरण के साथ-साथ पाई जाती है, जिसे एस्ट्रोजेनाइज्ड एप परिकल्पना के रूप में जाना जाता है।

### एस्ट्रोजन जोखिम से कई समस्याओं का खतरा

पुरुषों में 2डी बाय 4डी के उच्च मान हृदय संबंधी समस्याएं, खराब शुक्राणु और सिज़ोफ्रेनिया से संबंधित पाए गए हैं। मैनिंग ने कहा, हालांकि, मस्तिष्क के आकार में वृद्धि इन समस्याओं को दूर कर सकती है। इस प्रकार की समस्याएं पुरुष व्यवहार्यता में कमी से जुड़ी हो सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि अध्ययन इस बात के बढ़ते सबूतों को जोड़ता है कि जन्मपूर्व एस्ट्रोजन ने मानव मस्तिष्क के विकास को आकार देने में सकारात्मक भूमिका निभाई है, भले ही यह जैविक लागत के साथ आया हो।

## बॉलीवुड अपडेट

# निगेटिव पीआर और फैन्स से बेचैन बॉलीवुड



● मनोज प्रकाश ●

बॉलीवुड में पहले पैपराजी अभिनेत्रियों के लिए मुसीबत होते थे, कई बार साथी कलाकार उन्हें परेशान करते थे छेड़छाड़ करके। लेकिन अब वह अपने फैंस से परेशान हैं। पहले भी वह फैंस से परेशान होती थीं पर अब उन्हें बुजुर्ग फैंस जिस तरह से परेशान कर रहे हैं, वह बॉलीवुड के लिए नया सिरदर्द बन गया है। इसके साथ ही कई अभिनेत्रियों ने निगेटिव पीआर को लेकर भी कहा है कि इससे उनकी या उनके दूसरे साथियों की समाज में खराब छवि बनती है।

> आजकल कई बॉलीवुड अभिनेत्रियां नेगेटिव पीआर और बुजुर्ग फैन द्वारा छेड़छाड़ जैसी समस्याओं से आहत हैं। कुछ पुरुष कलाकार भी इसका शिकार हुए। फिल्मी दुनिया में पैसे देकर निगेटिव पीआर का चलन बढ़ रहा है।

### नकारात्मक पीआर का चलन

रकुल प्रीत, गिरिजा ओक, निधि अग्रवाल, मौनी राय तथा सोनल चौहान ने दो माह में ही इस तरह की शिकायतें की हैं। उनकी बातों से ना सिर्फ उनके साथी पुरुष कलाकार चिंतित हैं बल्कि समीक्षक भी परेशान हैं। रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू के दौरान चिंता प्रकट की- 'समझ में नहीं आता कि इंड्रस्ट्री में पैसे देकर निगेटिव पीआर का चलन क्यों बढ़ रहा है। जब हमें अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होती है तो हमारे कुछ साथी इसके लिए दूसरे की निगेटिव पीआर में लगे होते हैं। उन्हें पैपराजी की फोटो खींचने की चिंता नहीं है पर कोई भी स्टार हमेशा सजा हुआ नहीं होता, ऐसे में उनकी फोटो खींचने का क्या मतलब?'

### रेटिंग के लिए भी पीआर की सेवाएं

अभिनेत्री निधि अग्रवाल का कहना है कि उन्हें भी यहां तक पहुंचने से पहले कई बार निगेटिव पीआर का सामना करना पड़ा। वह मानती हैं कि बॉलीवुड में निगेटिव पीआर काफी प्रचलित है। बुक माय शो तथा आईएमडीबी जैसी रेटिंग के लिए भी पीआर की सेवाएं ली जाती हैं। दूसरों को नीचा दिखाने के लिए बहुत पैसा खर्च करना अब आम हो रहा है। बता दें कि वरुण धवन तथा कार्तिक आर्यन इसी निगेटिव पीआर का शिकार हुए हैं। वरुण धवन की 'बॉर्डर टू' के एक गाने का मजाक उड़ाने के बाद मीडिया में इस बात की चर्चा थी कि उनके खिलाफ ट्रोलिंग पेड पीआर लगा दी गई है। उनकी एक्टिंग पर भी प्रश्न उठाना इसी पीआर का एक हिस्सा माना जा रहा है। कार्तिक आर्यन की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा,मैं तेरा तू मेरी' को लेकर भी इसी तरह की बातें हुई थीं।



### बॉलीवुड में बौखलाहट

सोनल चौहान कहती हैं किसी को नीचा दिखाकर खुद को बड़ा और ग्रेट बताना गलत तो है ही साथ ही बॉलीवुड के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। पैसा खर्च कर किसी को अफवाह का शिकार बनाना पॉल्युशन ऑफ हेट की उस श्रृंखला का हिस्सा है जो बॉलीवुड में कलाकारों के खिलाफ जारी है। मराठी अभिनेत्री गिरिजा ओक को बहुत कम समय में नेशनल क्रश का तमगा मिलना भी कम चर्चा में नहीं रहा। पर वह खुद इससे चिंतित हो गई। अल्प समय में नेशनल क्रश कहलाना कहीं इसी पीआर का काम तो नहीं?

### एक्ट्रेस छेड़छाड़ से भी आहत

मौनी रॉय के साथ तो बुजुर्गों द्वारा उनके साथ छेड़छाड़ करने का मामला सोशल मीडिया के साथ ही न्यूज इंड्रस्ट्री में भी न्याय मांगता रहा। मौनी ने बताया कि हरियाणा में किसी कार्यक्रम में कुछ बुजुर्गों ने मंच पर आकर मेरी तस्वीर खींची और गलत मंशा से छुआ। मिमी चक्रवर्ती भी एक स्टेज प्रोग्राम की में लोगों की छेड़खानी से पीड़ित हैं। बॉलीवुड अपनी ही चुनौतियों से परेशान है। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ, लेकिन एकाएक शिकायतों का ग्राफ बढ़ना चिंतित करने वाला है। समीक्षकों का कहना है कि इससे निपटने के कई उपाय हैं लेकिन क्या निगेटिव पीआर से मुकाबला निगेटिव पीआर ही करेगा? लेकिन अगर ऐसा होने लगा तो आम जनजीवन में और फेम वर्ल्ड में कोई अंतर नहीं रह जाएगा। अगर यह रुकने के स्थान पर बढ़ता रहा तो तय है कि स्टेज परफॉर्मिंग के दौरान स्टेज पर अभिनेत्री के साथ सहयोगी कलाकार कम बॉडीगार्ड अधिक नजर आएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### औकात दिखाने के लिए याद रहेगा सत्रः सिंघार



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने समय पूर्व बजट सत्र के अवसान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह सत्र भाजपा द्वारा जनता को औकात दिखाने के लिए याद रखा जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा जब हमने इंदौर में ज़हरीले पानी से 35 लोगों की मौत पर सवाल किया,कैग की रिपोर्ट उजागर भ्रष्टाचार पर चर्चा कराने की मांग की तो, जवाबदेही के बजाए, औकात याद दिलाई गई। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश पर 6 लाख करोड़ का कर्ज़ बढ़ चुका है। जनता जवाब चाहती है कि आखिर कर्ज लेकर सरकार क्यों घी पी रही है और नागरिकों से टैक्स वसूल कर उन कर्जा को क्यों चुकाया जा रहा है? तब सरकार से ना बजट पर चर्चा की गई और ना सही जानकारी दी गई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब कांग्रेस विधायकदल ने सरकार से 2762 हेक्टेयर की धिरौली कोल परियोजना के विस्थापित आदिवासियों और सारे नियमों को ताक पर रख कर अदानी को ज़मीन देने का मुद्दा उठाया तो सरकार ने सदन और सदन के बाहर झूठ फैलाना शुरू कर दिया।

### मकान पर मिले 43 फर्जी वोटर के नाम : शुक्ला

**विसं, भोपाल।** कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने आरोप लगाया है कि नरेला विधानसभा क्षेत्र के एक 600 वर्गफीट के मकान में 43 फर्जी वोटर के नाम पाए गए है। यह जिला प्रशासन की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। शुक्ला ने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम(एसआईआर) के बाद भी प्रकाशित हुई मतदाता सूची में गंभीर खामियां उजागर हो रही है। नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 75 के बूथ क्रमांक 63 के अंतर्गत 1500 वर्गफीट में रहने वाले पोखरलाल साहू के मकान में आज भी 37 मतदाता जो कि अलग-अलग जातियों के हैं, दर्ज पाए गए हैं। वार्ड क्रमांक 63 के इसी बूथ के मकान नंबर 10 पर कमलेंद्र गुप्ता रिटायर्ड इंजीनियर ग्रामीण विकास विभाग के एड्रेस पर 800 स्क्वायर फीट के मकान में 36 मतदाता दर्ज पाए गए हैं। वहीं मकान नंबर 21 में हमीर सिंह यादव के पते पर 600 स्क्वायर फीट के मकान में 43 फर्जी मतदाता पाए गए। शुक्ला ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं केंद्रीय चुनाव आयोग से इस मामले में दखल देते हुए जांच की मांग की है। शुक्ला ने चेतावनी दी है की शुद्धिकरण अभियान के बाद भी मतदाता सूची में तमाम प्रकार की अशुद्धियां पाई जा रही है तो यह शासकीय कार्य में गंभीर लापरवाही का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

### मौजूदा वर्ष के सरकारी कैलेंडर में छपी तस्वीर को लेकर सियासत

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार के मौजूदा वर्ष के सरकारी कैलेंडर में छपी एक तस्वीर सियायत का केन्द्र बन गई है। तस्वीर को कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने विदेशी पशु बताया है,तो मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने छोटी बात करार दिया है। राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह सोशल मीडिया में सरकारी कैलेंडर की फोटो पर सवाल खड़े करते हुए दावा कि जो तस्वीर प्रकाशित की गई है,वह प्रजाति मध्यप्रदेश ही नहीं पूरे देश में कही भी नहीं पाई जाती है। कैलेंडर में प्रकाशित चित्र इम्पाला का है,जो अफ्रीकी महाद्वीप में पाया वन्यजीव है। उन्होंने सीएम से आग्रह किया कि भविष्य में ऐसे मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए। दिग्विजय सिंह विधायक पुत्र जयवर्धन सिंह ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को वाइल्ड लाइफ स्टेट माना जाता है,यहां पर चिंकारा,काला हिरण,बारहसिंगा जैसी कई प्रजातियां पाई जाती है,ऐसे में यदि किसी विदेशी प्रजाति की तस्वीर सरकारी कैलेंडर मं प्रकाशित हुई है,तो यह प्रशासनिक चूक मानी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# विनियोग विधेयक सहित एक दर्जन विभागों की अनुदान मांगें बिना चर्चा पारित

## विधानसभा के बजट सत्र का समापनः संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व पर ही हो सकी चर्चा



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा के बजट सत्र का शुक्रवार को अवसान हो गया। सत्र के दौरान 10 बैठकें हुईं, जिसमें राज्य सरकार का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट भी पारित किया गया। सदन में प्रमुख विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हुई, लेकिन एक दर्जन से ज्यादा विभागों की मांगों को बिना चर्चा के ही पारित मान लिया गया। बजट सत्र की 10 बैठक में शुक्रवार को 17 विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा होनी थी। लेकिन इनमें से संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग की अनुदान मांगों पर ही चर्चा हो सकी। इसके बाद अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने शेष सभी विधायकों पर चर्चा हुई मान कर उन्हें पारित करा दिया। डिप्टी सीएम व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने सरकार के वित्तीय प्रस्ताव पढ़े और चर्चा को लेकर सत्ता व विपक्षी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सत्र अत्यंत सार्थक, परिणामकारी एवं जन भावनाओं के अनुरूप रहा। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश उन प्रदेशों में है, जिनकी विधान सभाओं की अपनी गरिमा एवं परम्परा हमेशा बहुत उच्चकोटि की रही है, जिसकी चर्चा सारे देश में की जाती है। विधायक डॉ राजेंद्र कुमार सिंह ने सदन में कहा कि हमारी विधान सभा की जो गौरवमयी परम्परा रही है, वह दबे पांव धीरे-धीरे वापस आ रही है।

### विनियोग व श्रम कल्याण निधि संशोधन विधेयक व तृतीय अनुपूरक बजट पारित

इससे पहले सदन में वित्त मंत्री देवड़ा ने मध्यप्रदेश विनियोग विधेयक-2 को सदन में प्रस्तुत किया,जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। अब ये विधेयक राज्यपाल के पास भेजा जाएगा,जहां से अनुमति मिलने के बाद 1 अप्रैल 2026 से बजट लागू हो जाएगा। सदन में श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने श्रम कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2026 को पटल पर किया। जिसे सदन में पारित कर दिया गया। इसके अलावा सदन में बजट सत्र के दौरान वर्ष 2025-26 की तृतीय अनुपूरक मांगों को अपनी स्वीकृति प्रदान की। समितियों के प्रतिवेदन भी सदन के पटल पर प्रस्तुत किए गए। सदन के मुख्यमंत्री द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के संबंध में महत्वपूर्ण वक्तव्य सदन में प्रस्तुत किया गया।

### इन विभागों पर नहीं हो सकी चर्चा

सदन में जल संसाधन,सहकारिता,खेल एवं युवा कल्याण,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, किसान कल्याण एंव कृषि विकास,महिला एवं बाल विकास,सामाजिक न्याय, उद्यानिकी, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, एमएसएमई, अल्पसंख्यक कल्याण जैसे विभागों के अनुदान मांगों को बिना चर्चा किए ही पारित कर दिया गया।

### 62 घंटे चली सदन की कार्यवाही

19 दिवसीय बजट सत्र में कुल 12 बैठकें निर्धारित की गई थी। शुक्रवार को 10 वीं थी,जिसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इन 10 बैठकों में 62 घंटे सदन की कार्यवाही चली। कई अनुदान मांगों के लिए सदन का समय भी बढ़ाया गया और भोजन अवकाश भी रद्द किया गया।

# हर्ष फायरिंग पर एफआईआर से नाराज कांग्रेस ने किया बर्हिगमन, विधायक ने किया शीर्षासन

## विधानसभाः बजट सत्र के दसवें दिन कांग्रेस ने विधायक के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर जताया विरोध

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन कांग्रेस ने हर्ष फायर को लेकर विधायक के खिलाफ एफआईआर का विरोध करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। इसके उपरांत विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा परिसर में शीर्षासन कर अपना विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन पर अक्सर झूठे मामले दर्ज किए जाते हैं, जबकि इनमें से सात मामलों में हाईकोर्ट ने उन्हें बरी किया है। सदन में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के सचेतक सोहन वाल्मीकि और पंकज उपाध्याय ने शिवपुरी विधायक बाबू जंडेल पर हर्ष फायर पर एफआईआर दर्ज करने का मामला उठाते हुए प्रकरण वापस लिए जाने की मांग की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि जो विषय उठाया गया है, उसे संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। जिस पर कांग्रेस विधायकों ने असहमति जताई और पूरे मामले को लेकर सदन का वर्हिगमन कर दिया। वाकआउट के उपरांत श्योपुर विधायक बाबू जंडेल विधानसभा परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के पास पहुंचे, जहां उन्होंने शीर्षासन कर अपना विरोध जताया। उन्होंने इसी स्थिति में पत्रकारों से कहा कि उन पर लगातार झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं। 15 फरवरी को शिवरात्रि पर्व पर पूजा-अर्चना कर भगवान की प्रतिमा की स्थापना कराई। इसके बाद शिव बारात निकाली गई, जिसमें फूल वर्षे और पटाखे चलाए गए। वे भी बारात में एक घोड़े पर सवार थे, उनके पास चिड़ीमार का एक राउंड था, जो दावत का राउंड होता है। उन्होंने भगवान की खुशी में एक हर्ष फायर किया। उनके पास कोई एक 47 रायफल नहीं थी और न ही वे उग्रवादी ही हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह तीन महीने पहले गायों के मुद्दे को लेकर आंदोलन किया था और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था, तब भी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। जंडेल ने कहा कि अगर सरकार यह प्रकरण वापस नहीं लेती, तो वे गांधी आश्रम में भी आंदोलन करेंगे और जरूरत पड़ी तो सड़क पर भी उतरेंगे। मुझे जेल जाने का कोई डर नहीं है।

### नर्मदा में मिल रहे कई गंदे नाले

सदन में भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने नर्मदा नदी के प्रदूषित होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि नदी में कई ऐसे गंदे नाले हैं, जिसका गंदा पानी सीधे नदी में मिल रहा है। इसे रोकना जरूरी है। उन्होंने पुजारियों और पंडितों के मानदेन बढ़ाने की भी मांग की,तो जबलपुर का नाम ऋषि जाबालि के नाम पर करने की मांग करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को विचार करना चाहिए।



### अवैध कालोनी काटी, तो होगी कठोर कार्रवाई

विधानसभा में शुक्रवार को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एलान किया कि सरकार तीन माह के अंदर अवैध कालोनी कटाने वाले के खिलाफ सख्त कानून बनाएगी। जिसे सदन से पारित कराया जाएगा। मंत्री ने स्वीकार किया कि प्रदेश भर में अवैध कालोनियों का निर्माण कराया जा रहा है। मंत्री विजयवर्गीय ने अपने ही दल की विधायक रीति पाठक के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि अवैध कालोनियों पर रोक लगाने तीन महीने के अंदर सरकार ऐसा कानून ला रही है, जिससे ऐसा करने वालों पर सख्त एक्शन होगा। उन्होंने कहा कि कानून बनाकर सदन में लाया जाएगा। विजयवर्गीय ने कहा कि जिन अवैध कालोनियों को वैध किया जा सकता है, उन पर विचार किया जाएगा और जो वैध नहीं हो सकती, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विजयवर्गीय ने सदन को आश्वस्त किया कि सीधी नगर पालिका क्षेत्र की लंबे समय से लंबित सीवर लाइन निर्माण परियोजनाको जल्द ही जारी कर दिया जएगा। इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि अवैध कालोनियां लगातार बढ़ती जा रही है। इनमें कई बिल्डर भी शामिल हैं।

### धार्मिक न्यास के नाम पर राजनीति का आरोप

सदन में पर्यटन, संस्कृति व धर्मस्व विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने आरोप लगाया कि सरकार धार्मिक न्यास के नाम पर राजनीति कर रही है। रामपथ गमन प्रोजेक्ट अब तक पूरा नहीं हो पाया है, जबकि अब प्रदेश को कृष्ण पाथेय का सपना दिखाया जा रहा है। मंदिरों के संरक्षण में विशेषज्ञों की सलाह नहीं ली जाती है, जिससे कई ऐतिहासिक मंदिर अपनी मूल पहचान खोते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर कोई विशेष और मजबूत व्यवस्था नहीं की गई है। लोक कलाकारों को भी संरक्षण देने के लिए सरकार पर्याप्त काम नहीं कर रही है। चर्चा में भाजपा विधायक दिलीप सिंह परिहार सहित दूसरे विधायकों ने भी भाग लिया। जिसका जवाब देते हुए पर्यटन,संस्कृति और धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि सरकार सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए लगातार काम कर रही है। बात चाहे तानसेन समारोह की भव्यता की हो या फिर ओंकारेश्वर में एकात्मधाम विकसित किए जाने की। सरकार संस्कृति और धरोहर का विशेष ध्यान रखकर काम कर रही है।

### विस में लोक महत्व के हुए महत्वपूर्ण कार्य : तोमर

**भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदन स्थगित करने से पहले अपने संबोधन में कहा कि सत्ता और विपक्षी सदस्यों के सहयोग के चलते सत्र के दौरान कई लोक महत्व के कार्य संपन्न किए गए। उन्होंने कहा कि अनेक लोक महत्व के विषयों पर प्रश्नों एवं ध्यानाकर्षण सूचनाओं के माध्यम से सार्थक चर्चा की। सत्र के महत्वपूर्ण ध्यानाकर्षणों में गौ-संरक्षण के विषय को प्रमुखता से उठाया गया तथा सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित एवं निर्माणाधीन गौशालाओं की विस्तृत जानकारी सदन को दी गई। इसके अतिरिक्त प्रदेश में आवारा श्वानों द्वारा नागरिकों को काटे जाने की घटनाओं पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई, जिस पर सरकार ने ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करने का आश्वासन प्रदान किया। इनके साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कृषि, अधोसंरचना एवं नगरीय व्यवस्थाओं से संबंधित अनेक जनहितकारी मुद्दों पर सदन में विमर्श हुआ, जिससे लोकतांत्रिक प्रणाली की जीवंतता परिलक्षित हुई। तोमर ने कहा कि सदस्यों द्वारा राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर 9 घंटे 05 मिनट तथा आय-व्ययक पर सामान्य मान्य चर्चा 1 घंटा 44 मिनट तक चली। भोजनावकाश स्थगित कर सदन की बैठक अवधि में वृद्धि करते हुए अनुदान की मांगों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चाएँ सम्पन्न हुईं।



# कांग्रेस विधायक शेखावत फिर बने लोकलेखा समिति के सभापति

## विधानसभा की चार समितियों का किया गया निर्वाचन











**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत एक बार फिर से विधानसभा की लोकलेखा समिति के सभापति होंगे। उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। इनके अलावा वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई, राजेन्द्र पांडेय और अर्चना चिटनिस को भी अलग-अलग समितियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधानसभा में शुक्रवार को स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विधानसभा की चार समितियों के निर्वाचन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकलेखा समिति के सभापति पद पर भंवर सिंह शेखावत को एक बार फिर से चुना गया है। इसी तरह प्राक्कलन समिति का सभापति अजय विश्वनोई, सरकारी उपक्रम संबंधी समिति का सभापति अर्चना चिटनिस और स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति का सभापति डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय को बनाया गया है। इनके अलावा सभी समिति के सदस्यों का भी निर्विरोध निर्वाचन किया गया है। अध्यक्ष के अनुसार लोकलेखा समिति में सभापति के अलावा वरिष्ठ विधायक जयंत मलैया, मीना सिंह, मांडवे, ओपी धुर्वे, नागेन्द्र सिंह, ऊषा ठाकुर, डॉ.योगेश पंडाग्रे, रामेश्वर शर्मा, संजय उइके, दिनेश जैन बोस और रीति पाठक को शामिल किया गया है। इसी तरह प्राक्लन समिति के सदस्यों के रुप में शैलेन्द्र जैन, रमेश मेंदोला, हरिशंकर खटीक, दिव्यराज सिंह, नीना वर्मा, सुदेश राय,आशीष गोविन्द शर्मा, नारायण सिंह पट्टा, राजेन्द्र भारती और देवेन्द्र सखवार निर्वाचित किए गए हैं। सरकारी उपक्रम संबंधी समिति में कुंवर सिंह टेकाम,अशोक रोहाणी, दिलीप सिंह परिहार, देवेन्द्र जैन, गायत्री राजे पवार, केशव देसाई, बृजेन्द्र यादव,सुशील कुमार तिवारी, फूल सिंह बरैया और नितेन्द्र सिंह राठौर बतौर सदस्य निर्वाचित हुए है, जबकि स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति में सदस्य के तौर पर बृजेंद्र प्रताप सिंह,मालिनी गौड़, कमलेश प्रताप शाह, ललिता यादव, विष्णु खत्री, सतीश मालवीय, जयवर्धन सिंह, डॉ.सतीश सिकरवार, अभय मिश्रा और प्रदीप अग्रवाल को शामिल किया गया है।

# सोम डिस्टिलरीज के मामले की सुनवाई से दूसरे जज भी अलग

## जस्टिस मिश्रा के बाद जस्टिस भट्ट ने भी नहीं सुना मामला



**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में सोम डिस्टिलरीज की याचिका पर सुनवाई निर्धारित थी। जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठ ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया। जस्टिस भट्ट ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि मामले से जुड़ा केस किसी दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर करें। इससे पहले जस्टिस विशाल मिश्रा ने भी मामले पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। गौरतलब है कि हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने शराब कंपनी सोम डिस्टिलरीज का लाइसेंस रद्द कर दिया है। जिसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने सोम डिस्टिलरीज के सभी लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। करीब 20 दिन पहले रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टिलरीज प्रालि का लाइसेंस आबकारी आयुक्त ने सस्पेंड कर दिया है। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपनियों के संचालक, प्रतिनिधि, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अपर सत्र न्यायालयए देपालपुर जिला इंदौर के एक प्रकरण में पारित निर्णय के आधार पर कार्रवाई की गई थी। इसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर द्वारा संबंधित आपराधिक अपीलों में सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगाई गई है, लेकिन दोषसिद्धि अभी भी प्रभावी है।

### कोलकाता सहित बंगाल के कई जिलों में भूकंप

**कोलकाता, जेएनएन।** प. बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित कई जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के ढाका स्थित अगरगांव में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। प.बंगाल से अगरगांव की दूरी लगभग 26 किमी बताई जा रही है। झटके इतने तेज थे कि कोलकाता में बहुमंजिला इमारतें कुछ सेकेंड तक हिलती रहीं। अचानक कंपन महसूस होते ही लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया। कई इमारतों में बंद पड़े सीलिंग फैन तक हिलते नजर आए। कुछ पुराने मकानों के झुकने की भी खबर सामने आई है। हालांकि अब तक बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। कोलकाता में स्वगता नाम की युवती ने बताया कि हम सोफे पर बैठे थे तभी अचानक झटके महसूस हुए।

## सर्वाइकल कैंसरः काटजू से शुरू होगा अभियान

# प्रदेश में 8 लाख लड़कियों को लगाई जाएगी वैक्सीन



**नगर संवाददाता, भोपाल।** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इस बीमारी की भयावयता को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वैक्सीनेशन शुरू किया जा रहा है। इसके लिए एचपीवी वैक्सीन लांच की जा रही है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान के अजमेर से इस अभियान की शुरूआत करेंगे। जबकि मप्र में इस अभियान की शुरूआत उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल के कैलाशनाथ काटजू अस्पताल से करेंगे। जानकारी अनुसार मप्र में करीब 8 लाख लड़कियां ऐसी हैं, जिनको सर्वाइकल से बचाने के लिए वैक्सीन लगाई जाएगी। यह वैक्सीन 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की लड़कियों को लगाया जाना है। साथ ही, अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली बालिकाएं भी पात्र मानी जाएंगी। यह टीकाकरण पूर्णतः स्वैच्छिक है तथा अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। निर्धारित अनुसार 0.5 मिली की एकल खुराक इंट्रामस्कुलर इंजेक्शन के माध्यम से दी जाएगी। एचपीवी टीकाकरण केवल शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल और शासकीय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल जिनमें ई-विन के अनुसार कोल्ड चैन पॉइंट, एइएफआई प्रबंधन के लिए समर्पित चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध है, में किया जायेगा।। टीकाकरण के पश्चात बालिका को 30 मिनट तक अवलोकन में रखा जाएगा। अभियान अवधि के दौरान प्रतिदिन टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### प्रदेश में हर साल 6 हजार नए मरीज

आईसीएमआर और और नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि मप्र में हर साल सवाईकल कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मप्र में हर साल सर्वाइकल कैंसर के लगभग 6,500 से 7,500 नए मामले सामने आने का अनुमान है। राज्य में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में सर्वाइकल कैंसर दूसरे स्थान पर है (पहले स्थान पर स्तन कैंसर है)। यदि कुल जीवित मरीजों की संख्या की बात करें, तो यह आंकड़ा नए मामलों से काफी अधिक है क्योंकि इसमें वे मरीज भी शामिल हैं जिनका उपचार चल रहा है।

### 50 फीसदी मृत्यु दर

आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि कुल मरीजों में सर्वाईकल से होने मौतों का प्रतिशत 50 से 60 तक है। अनुमानित नए मामले 97,200 है। सबसे प्रभावित आयु वर्ग 35 से 60 वर्ष है।

## आदेश — मुख्यमंत्री की सख्ती का दिखा वल्लभ भवन में असर

# समय पर दफ्तर पहुंचे अधिकारी-कर्मचारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सख्ती का असर शुक्रवार को वल्लभ भवन में देखने को मिला। जानकारों की मानें तो वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कर्मचारी भी समय पर अपने दफ्तर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को सीएम ने सामान्य प्रशासन विभाग से कहा था कि वे ऐसे अधिकारियों पर नजर रखें, जो समय पर वल्लभ भवन नहीं पहुंचते हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूर्व में कई बार अधिकारियों से समय पर अपने कार्यालय पहुंचने की बात कर चुके हैं। उनके द्वारा इस बात पर आपत्ति जताई गई थी कि पांच दिवसीय कार्यालय होने के बावजूद अधिकारी अपने निर्धारित समय पर नहीं आते, जिससे प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। गुरुवार को सीएम ने मुख्य सचिव और सामान्य प्रशासन विभाग को आदेशित किया है कि वल्लभ भवन के अलावा विंध्याचल और सतपुड़ा स्थित कार्यालयों में सभी अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति, आने -जाने का समय और अनाधिकृत अनुपस्थिति की जानकारी एकत्र कराई जाए।



### टीम ने जांच की शुरू

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के निर्देश के उपरांत सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इसके लिए विशेष टीम गठित कर सभी कार्यालयों में उनकी तैनाती कर दी। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को भी मुख्यमंत्री के आदेश की जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। गुरुवार को विशेष टीम के सदस्य मंत्रालय और सचिवालयों में सक्रिय रहे। बताया गया है कि सीएम के निर्देश के बाद शुक्रवार को इसका असर दिखाई देने लगा और अधिकारी समय पर अपने कार्यस्थल पहुंचे। हालांकि कुछ अधिकारी विधानसभा में सक्ष के दौरान मौजूद होने की वजह से वल्लभ भवन नहीं पहुंचे, लेकिन उनके द्वारा इसकी जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को दे दी गई थी।

### सुबह 10 बजे ही दफ्तर पहुंच गए थे कलेक्टर

5 डे वीक में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कामकाज को लेकर की जा रही लापरवाही खत्म करने मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह शुक्रवार सुबह 10 बजे दफ्तर पहुंच गए और अपने कक्ष में न जाकर कलेक्ट्रेट में संचालित सभी कार्यालयों का जायजा लिया और कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। ज्यादातर अधिकारी कक्ष में मौजूद नहीं थे, जिसे लेकर कलेक्टर ने नाराजगी भी जताई। कलेक्टर ने खाद्य शाखा, शस्त्र शाखा, आवक जावक शाखा, भू अभिलेख व निर्वाचन सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। ज्यादातर कक्षों में अधिकारी कर्मचारी मौजूद नहीं थे, लेकिन कलेक्टर के कार्यालय पहुंचने की जानकारी मिलते ही कुछ देर बाद पहुंच गए और कामकाज को शुरू कर दिया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**जनजातीय परंपराओं ...**
यहां डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले के समग्र विकास के लिए 171 करोड़ लागत के 49 विकास कार्यों की सौगात दी।

**बनाएंगे आजाद पार्कः** मुख्यमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद नगर को देश-विदेश से आने वाले लोगों के लिए प्रेरणा एवं गौरव का केंद्र बनाया जाएगा। यहां ऐतिहासिक शहीद पार्क निर्मित किया जाएगा। संस्कृति विभाग के माध्यम से इस स्थान को विकसित कर आकर्षक एवं दर्शनीय स्वरूप प्रदान किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ियां आजाद के जीवन, संघर्ष और बलिदान से परिचित हो सकें। सीएम ने आजाद कुटिया में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा चंद्रशेखर आजाद के जीवनकाल की वीरगाथाओं और दुर्लभ तस्वीरों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, आत्मविश्वास और अदम्य साहस के बलबूते बुलंदियों को छूने वाले आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय महापुरुषों की विरासत के संरक्षण के लिए दृढ़ संकल्पित है। खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय की शुरुआत की गई है। इसी प्रकार अन्य नायकों से संबद्ध स्थलों को भी संरक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर अजा कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनजातीय समाज के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

**जबलपुरः 16 बसों के जरिए ..**
फिर भी परमिट, फिटनेस जारी : ईओडब्ल्यू को भोपाल से शिकायत प्राप्त हुई थी कि संजय एवं साधना केशवानी के नाम पर पंजीकृत बसों का भारी टैक्स बकाया होने के बावजूद परमिट, फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए हैं। खुलासा हुआ कि दोनों के नाम पर 16 बसें पंजीकृत थीं, जो डिंडोरी, जबलपुर, शहडोल, मंडला और बालाघाट जिलों में रजिस्टर्ड थीं। इन का संचालन डिंडोरी-जबलपुर, डिंडोरी-बम्हनी, बिछिया-डिंडोरी और अमरकंटक-मलाजखंड मार्गों पर किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि 16 में से कई बसों का वर्ष 2006 से 2025 तक का टैक्स जमा नहीं किया। वाहन मालिकों ने बसों को कबाड़ में बेच देने की सूचना परिवहन कार्यालय देने के बाद 2006 से टैक्स भुगतान बंद कर दिया था।

**बच्चियों से छेड़छाड़ के ...**
जहां पर प्राथमिक शिक्षक पर ग्रामीणों ने स्कूली छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। एक 10 वर्षीय कक्षा चौथी की छात्रा की शिकायत पर शाम को विधिसंगत धाराओं में आरोपी शिक्षक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। शिक्षक को थाने भी लाया गया। ग्रामीणों व अन्य छात्राओं ने भी आरोप लगाए हैं, उन आरोपों को भी जांच में लिया गया है। सभी के बयान होने के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं शिक्षक ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा, स्कूल में मिड-डे मील बनाने को लेकर कुछ स्थानीय लोगों से विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

-961 **81,287**

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| HCL Tech | 1,404.80 | 1.14% |
| Trent | 3,930.00 | 1.13% |
| Infosys | 1,335.00 | 0.85% |
| Apollo Hospital | 7,870.50 | 0.60% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Sun Pharma | 1,788.10 | -2.73% |
| Bharti Airtel | 1,915.00 | -2.61% |
| HDFC Life | 736.80 | -2.55% |
| M&M | 3,488.10 | -2.50% |
| Dr Reddys Labs | 1,317.20 | -2.50% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 90.970 |
| € यूरो | 107.31 |
| ¥ येन | 0.5831 |
| £ पौंड | 122.67 |

# आईटी क्रांति दोहराएगा भारत: एनएसई चीफ

## आशीष कुमार चौहान बोले-एआई में दुनिया का सबसे बड़ा सर्विस हब बनेगा देश, युवा लीड करेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई के चीफ आशीष कुमार चौहान का कहना है कि भारत अब एआई की दुनिया में एक बड़ी ताकत बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। उनका मानना है कि जैसे 90 के दशक में भारत ने दुनिया भर में अपनी आईटी सर्विस की पहचान बनाई थी, ठीक वैसे ही अब भारत दुनिया में एआई का सबसे बड़ा यूजर और सर्विस सेंटर बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि भारत के पास युवाओं की एक ऐसी आबादी है जो तकनीक को बहुत जल्दी अपनाती है और यही लोग भारत को एआई के क्षेत्र में दुनिया का लीडर बनाएंगे। चौहान ने यह बात 27 फरवरी को मुंबई में आयोजित आईएमसी भारत कॉलिंग कॉन्फ्रेंस 2026 के दौरान कही।



### नई पार्टनरशिप और तकनीक के मेल से सफलता मिलेगी

उन्होंने यह भी कहा कि भारत के दूसरे देशों जैसे अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के साथ बेहतर होते रिश्तों से हमारी तरक्की को और रफ्तार मिलेगी। उनका मानना है कि सरकार की मदद, दुनिया भर से साझेदारी और नई तकनीक के सही तालमेल से हम एआई के दौर में भी वही बढ़ी सफलता पा सकते हैं, जो हमने आईटी सेक्टर में पाई थी। उन्होंने याद दिलाया कि जैसे 90 के दशक में युवाओं ने भारत को आईटी का ग्लोबल लीडर बनाया, वैसे ही आज के युवा भी भारत को एआई में सबसे आगे ले जा सकते हैं। चौहान के मुताबिक, भारत अब उस मुकाम पर है जहां तकनीक और मैन्युफैक्चरिंग की ताकत को जोड़कर हम दुनिया में एक बढ़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

### दुनिया से मुकाबला करने को तैयार भारत

आशीष चौहान ने यह भी बताया कि भारत अब सिर्फ सॉफ्टवेयर ही नहीं, बल्कि एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, रोबोटिक्स, बायोटेक और सेमीकंडक्टर्स जैसे नए क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनका कहना है कि जब एआई और ये सभी क्षेत्र आपस में जुड़ेंगे, तो एक ऐसा सिस्टम तैयार होगा जो दुनिया भर के देशों का मुकाबला कर सकेगा। इन नई तकनीकों के आने से काम करने की क्षमता बढ़ेगी। और पूरी दुनिया में भारत की सर्विस और पहचान और भी ज्यादा मजबूत होगी।

### भारत विक्रय का केंद्र बने

आईएमसी भारत कॉलिंग कॉन्फ्रेंस 2026 में देश के बड़े दिग्गज और सरकार के नीति बनाने वाले लोग जुटे हैं। इनका लक्ष्य एक ऐसा रोडमैप तैयार करना है जिससे भारत दुनिया के लिए सामान बनाने और उसे दूसरे देशों को बेचने का सबसे बड़ा केंद्र बन सके।

### लाखों नौकरियों का मौका

एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर सरकार का साथ मिले और युवाओं को सही ट्रेनिंग दी जाए, तो भारत पूरी दुनिया के लिए एआई सर्विसेज का हब बन सकता है और रोजगार बढ़ेंगे।

# डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर ९०.९९ पर बंद

**मुंबई,जेएनएन।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 90.99 पर बंद हुआ। विदेशीमुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट से रुपये पर और दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 90.91 पर खुला और 90.91 से 91.06 के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट है।

बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 90.91 पर अपरिवर्तित रुख के साथ बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक, अनुज चौधरी ने कहा कि हमारा अनुमान है कि घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख तथा अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने की वजह से रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। डॉलर-रुपया हाजिर कीमत 90.70 रुपये से 91.20 रुपये के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत टूटकर 97.74 पर रहा। वैश्विक कच्चातेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.64 प्रतिशत बढ़कर 71.91 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 961.42 अंक टूटकर 81,287.19, जबकि निफ्टी 317.90 अंक गिरकर 25,178.65 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 3,465.99 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# आचार्य बालकृष्ण एसएफई उत्कृष्ट राष्ट्रीय एथनो-फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित



**मोहाली।** भारत एवं विश्व स्तर पर आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान को बल देने वाले अग्रणी वैज्ञानिक और आयुर्वेदाचार्य, आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली में आयोजित सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलॉजी की 13वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसलेशनल रिसर्च इन एथनोफार्माकोलॉजी - इंटेग्रटिंग ट्रैडिशनल मेडिसिन इन मॉडर्न हेल्थकेयर में 'SFE उत्कृष्ट राष्ट्रीय एथनो-फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान Society for Ethnopharmacology (SFE), India द्वारा एथनोफार्माकोलॉजी एवं पारंपरिक औषधियों के शोध तथा विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शोधकर्ताओं को प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह आयुर्वेद की उपलब्धि है, यह सम्पूर्ण भारत की उपलब्धि है। पतंजलि, आयुर्वेद के उत्थान और जनमानस को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसी दिशा में प्रगतिशील है। इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण जी की यह उपलब्धि हमारी प्राचीन चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद के वैज्ञानिक प्रमाणीकरण और साक्ष्य-आधारित शोधों की दिशा में पतंजलि की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का मजबूत प्रमाण है।

# नेटफ्लिक्स का वार्नर ब्रदर्स के कारोबार को खरीदने के लिए प्रस्ताव बढ़ाने से इनकार

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** नेटफ्लिक्स ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के स्टूडियो और स्ट्रीमिंग कारोबार को खरीदने के लिए अपने प्रस्ताव को बढ़ाने से इनकार कर दिया है। इस चौंकाने वाले कदम से पैरामाउंट को इसका अधिग्रहण करने की स्थिति में प्रभावी रूप से बढ़त मिल गई है। वार्नर ब्रदर्स के निदेशक मंडल के बृहस्पतिवार को घोषणा की कि स्काइडांस के स्वामित्व वाली पैरामाउंट का प्रस्ताव नेटफ्लिक्स से बेहतर है। इसके बाद ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स ने कहा कि वार्नर को खरीदने के लिए जो नई कीमत चुकानी पड़ेगी, उससे यह समझौता आर्थिक रूप से आकर्षक नहीं रह जाएगा।

# वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सीईओ ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जिनेवा स्थित विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष और सीईओ बोर्गे ब्रेंडे ने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह फैसला उन खुलासों के बाद आया है जिनमें अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ उनके निजी संपर्कों की बात सामने आई थी। हालांकि ब्रेंडे ने अपने आधिकारिक बयान में एपस्टीन का जिक्र नहीं किया, लेकिन बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि इन विवादों के कारण मंच के काम से ध्यान भटक रहा था। ब्रेंडे के इस्तीफे के बाद डब्ल्यूईएफ के प्रबंध निदेशक एलोइस ज्विंगगी अंतरिम अध्यक्ष और सीईओ के रूप में कार्यभार संभालेंगे। ट्रस्टी बोर्ड स्थायी उत्तराधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया की निगरानी करेगा। ब्रेंडे, जो 2017 से डब्ल्यूईएफ के प्रमुख थे, ने बयान जारी कर कहा कि करीब साढ़े आठ वर्षों का उनका कार्यकाल बेहद संतोषजनक रहा, लेकिन वह नहीं चाहते कि यह विवाद संगठन के कामकाज पर असर डाले। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी दस्तावेजों में खुलासा हुआ था कि ब्रेंडे ने एपस्टीन के साथ तीन व्यावसायिक डिनर किए थे और ईमेल व टेक्स्ट संदेशों के जरिए संपर्क में रहे थे। ब्रेंडे ने नॉर्वे के मीडिया से कहा कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि उन्होंने इन मुलाकातों और संवाद को लेकर पर्याप्त पारदर्शिता नहीं बरती। हालांकि, उन्होंने पहले कहा था कि 2018 में पहली मुलाकात के समय उन्हें एपस्टीन के आपराधिक अतीत की जानकारी नहीं थी। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी दस्तावेजों से पता चला है कि नॉर्वे के पूर्व विदेश मंत्री बोर्गे ब्रेंडे ने जेफरी एपस्टीन के साथ तीन बिजनेस डिनर किए थे। ईमेल और टेक्स्ट मैसेज के जरिए लगातार संपर्क में थे। साल 2018-19 के संदेशों में ब्रेंडे ने एपस्टीन को एक शानदार मेजबान बताया था और एक संदेश में मिसिंग यू सर भी लिखा था। इन दोनों के बीच आखिरी बातचीत एपस्टीन की 2019 में हुई गिरफ्तारी से ठीक एक हफ्ते पहले हुई थी। डब्ल्यूईएफ द्वारा गठित एक स्वतंत्र जांच समिति ने ब्रेंडे और एपस्टीन के संबंधों की समीक्षा की। समिति ने निष्कर्ष निकाला कि पहले से ज्ञात तथ्यों के अलावा कोई अन्य चिंताजनक बात सामने नहीं आई है। डब्ल्यूईएफ के सह-अध्यक्ष आंद्रे हॉफमैन और लैरी फिंक ने कहा कि बाहरी वकीलों द्वारा की गई स्वतंत्र समीक्षा में पहले से सार्वजनिक तथ्यों के अलावा कोई नई चिंता सामने नहीं आई।

# एमपी विद्युत नियामक आयोग को राष्ट्रीय रैंकिंग में छठवां स्थान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ विद्युत नियामकों में छठवां स्थान प्राप्त किया है। पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएफआई) और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम द्वारा जारी राच्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के विनियामक प्रदर्शन की रेटिंग 2025 रिपोर्ट में मध्य प्रदेश को 'ए' ग्रेड दिया गया है। 36 राच्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच हुए मूल्यांकन में यह उपलब्धि हासिल हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर सुधार किए गए हैं।

# 12 करोड़ का कर्ज नहीं चुका पाई ईस्ट इंडिया कंपनी, दूसरी बार हुई दिवालिया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईस्ट इंडिया कंपनी लंदन की वह कंपनी जो कभी भारत पर राज करती थी, आज कर्ज में डूबी हुई है। स्थिति ऐसी है कि यह कंपनी दोबारा दिवालिया हो गई है। अभी इसकी कमान लंदन में रहने वाले भारतीय के हाथ में है। यह कंपनी कर्ज लौटाने और कुछ भुगतान करने में असफल रही है। इस बार यह कंपनी स्वैच्छिक परिसमापन में चली गई है और उस पर करीब 12 करोड़ रुपये) का कर्ज है। पहली बार मूल ईस्ट इंडिया कंपनी 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद समाप्त हुई थी। साल 1858 में भारत पर उसका कंट्रोल ब्रिटिश शासन को सौंप दिया गया था और 1874 में उसे औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया। लंदन स्थित इस कंपनी के डॉक्यूमेंट्स कंपनीज हाउस में दाखिल किए गए हैं, जिनसे पता चलता है कि कंपनी पर कुल 10 लाख पाउंड से अधिक की देनदारी है।



### भारतीय ने खरीदी थी कंपनी

ईस्ट इंडिया कंपनी का साल 2005 में एक तरह से पुनर्जीवन हुआ था। इस आधुनिक ईस्ट इंडिया कंपनी को मुंबई के व्यवसायी संजीव मेहता ने साल 2005 में खरीदा था। उन्होंने शेयर धारकों के एक ग्रुप से मूल कंपनी के कोट ऑफ आर्मस, प्रतीक चिन्ह आदि संपत्तियों के अधिकार हासिल किए। साल 2010 में उन्होंने करीब 1 करोड़ पाउंड का निवेश कर उन्होंने इसे एक लग्जरी लाइफस्टाइल ब्रांड में बदल दिया(

### कंपनी पर देनदारी है

**6,11,279 पाउंड** (7.5 करोड़ रुपये) अपनी मूल कंपनी ईआईसी ग्रुप(ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स) का

**1,63,105 पाउंड** (2 करोड़ रुपये) कर्मचारियों के वेतन के रूप में

**1,93,789 पाउंड** (2.4 करोड़ रुपये) ब्रिटेन के टैक्स विभाग को

### कौन हैं संजीव मेहता?

संजीव मेहता का जन्म गुजरात के जैन परिवार में हुआ था। बाद में वह साल 1989 में ब्रिटेन चले गए। उन्होंने मुंबई के सिडेनहल कॉलेज से पढ़ाई की है। वह आईआईएम अहमदाबाद के भी छात्र रहे हैं। साल 2010 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने लंदन के मेफेयर में अपना फ्लैगशिप स्टोर खोला, जिसे बाद में बॉन्ड स्ट्रीट स्थानांतरित किया गया। उस समय मेहता ने कहा था, मैं भारतीय हूं। इसलिए मेरे लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह उस कंपनी को वापस खरीदना है जिसने भारत पर अपना अधिकार जमा रखा था। अब यह स्टोर खाली पड़ा है और वेबसाइट भी गायब हो चुकी है।

**चर्चा में रहा 'द क्राउन' सिक्का:** साल 2023 में मेहता ने महारानी की पहली पुण्यतिथि पर 3.6 किलोग्राम सोने और 6,426 हीरों से बना एक विशाल कलेक्टिबल सिक्का द क्राउन लॉन्च किया था। अब यह एक विडंबना है कि इस मूल कंपनी ने कभी भारत को लूटा था।

### एम्स भोपाल ने मेडिकल साइंस के क्षेत्र में रचा कीर्तिमान: मानव शरीर में खोजी नई ग्रंथि

# ट्यूबेरियल की मदद से कैंसर सहित कई बीमारियों के इलाज में होगी आसानी

**शोध को अंतरराष्ट्रीय जर्नल में मिली जगह, विश्व के चिकित्सकों ने लगाई मुहर**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के चिकित्सकों ने मेडिकल साइंस के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर गाढ़ दिया है। इन्होंने मानव शरीर में एक नई ग्रंथि की खोज कर ली है, यह ग्रंथि बीते कई दशकों से वैज्ञानिकों के लिए बहस का विषय बनी हुई थी। अंततः एम्स की फैकल्टी और छात्रों के शोध ने इस बहस को समाप्त कर दिया है और इनकी इस शोध को अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित होने का मौका मिला है।

जानकारी के अनुसार नाक के पीछे वाले हिस्से, जिसे नैसोफैरिंक्स कहा जाता है, में मौजूद एक खास ग्रंथि को लेकर लंबे समय से वैज्ञानिकों में मतभेद था। एम्स के अध्ययन ने इस ग्रंथि के अस्तित्व की साफ पुष्टि की है। इसे 'ट्यूबेरियल ग्लैंड' नाम दिया है और शोधकर्ताओं का दावा है कि यह एक अलग और स्पष्ट लार ग्रंथि है। अब तक कुछ विशेषज्ञ इसे सामान्य छोटी ग्रंथियां मानते थे, जबकि कुछ इसे नई लार ग्रंथि बताते रहे। पहले के अध्ययन अधिकतर स्कैन या माइक्रोस्कोप तक सीमित थे। इस बार 118 संरक्षित शवों पर सीधे विच्छेदन (डिसेक्शन) कर जांच की गई। साथ ही 10 नमूनों की माइक्रोस्कोप से भी पुष्टि की। जांच में पाया कि यह ग्रंथि नाक और गले के जोड़ के पास, एक निश्चित स्थान पर मौजूद रहती है। इसका आकार लंबा और हल्का त्रिकोण जैसा है। खास बात यह है कि इसमें एक स्पष्ट नलिका (डक्ट) भी पाई गई, जिससे यह अपने स्राव को बाहर निकालती है। माइक्रोस्कोप से देखने पर इसकी बनावट सामान्य लार ग्रंथियों जैसी ही मिली। शोधकर्ताओं का कहना है कि पहली बार इस ग्रंथि को इतने स्पष्ट तरीके से देखा और दर्ज किया है। हालांकि इसका पूरा काम अभी समझा जाना है।




**शोध टीम में यह शामिल** प्रो. सुनीता अरविंद आठवले, प्रो. शीतल कोटगीरवार, प्रो. मनाल एम. खान, प्रो. अंशुल राय, प्रो. दीप्ति जोशी और प्रो. डॉ. रेखा लालवानी शोध टीम में शामिल थीं।

### आम लोगों पर क्या असर पड़ेगा

इस खोज का सबसे बड़ा फायदा कैंसर के इलाज में हो सकता है। सिर और गर्दन के कैंसर में रेडियोथेरेपी के दौरान कई बार आसपास की लार ग्रंथियां भी प्रभावित हो जाती हैं, जिससे मुंह और गले में अत्यधिक सूखापन हो जाता है। अगर डॉक्टरों को इस नई ग्रंथि की सटीक जानकारी होगी, तो वे इलाज के दौरान इसे बचाने की कोशिश कर सकेंगे। इसके अलावा, नाक और गले की सर्जरी करते समय सही जानकारी मिलने से ऑपरेशन ज्यादा सुरक्षित हो सकता है। भविष्य में इस ग्रंथि के काम को बेहतर समझने से गले की सूखापन, निगलने में दिक्कत और ऊपरी श्वसन मार्ग की बीमारियों के इलाज में भी मदद मिल सकती है।

### इमेजिंग तकनीकों से बीमारियों को पहचानना हो जाएगा आसान

वरिष्ठ मेक्सिजिलोफिशल सर्जन डॉ अंशुल राय के अनुसार, अगर ट्यूबारियल ग्लैंड को एक अलग लार ग्रंथि के रूप में स्वीकार किया जाता है, तो यह सिर और गर्दन के कैंसर के इलाज की रणनीति में बदलाव ला सकता है। अभी तक इस हिस्से को सामान्य ऊतक समझकर रेडिएशन दिया जाता था, लेकिन अब इसे संरक्षित करने पर ध्यान दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस ग्रंथि की भूमिका स्पष्ट होने पर गले का सूखापन और निगलने से जुड़ी समस्याओं के बेहतर उपचार के रास्ते खुल सकते हैं। यह खोज विशेष रूप से कैंसर के उपचार और रेडियोथेरेपी की योजना बनाने में सहायक होगी। साथ ही, एमआरआई या सीटी स्कैन जैसी इमेजिंग तकनीकों के माध्यम से बीमारियों को पहचानना आसान हो जाएगा।


## वन विभाग के अंतर्गत वनरक्षक एवं क्षेत्ररक्षक (कार्यपालिक) एवं जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक (कार्यपालिक) पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2026

| आवेदन पत्र भरने की तिथि | ऑनलाइन परीक्षा पद्धति | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि |
|---|---|---|
| 28.02.2026 से 14.03.2026 तक | समय सारणी | 28.02.2026 से 19.03.2026 तक |

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 07 अप्रैल 2026 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 08:00 से प्रात: 09:00 बजे तक | प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियम पुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर : भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी उज्जैन एवं अनूपपुर।**
4. **परीक्षा शुल्क***

| | | |
|---|---|---|
| सीधी भर्ती के पदों हेतु | अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रुपये 500/- (प्रति प्रश्न पत्र) |
| | केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/नि:शक्तजन अभ्यर्थियों के लिए | रुपये 250/- (प्रति प्रश्न पत्र) |
| | सीधी भर्ती - बैकलॉग | कोई शुल्क नहीं |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क 60/- देय होगा। इसके अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- देय होगा। | | |

**विशेष निर्देश**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से काई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यपित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कंम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्राविधक (Provisional) होगी।

**विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।**

विज्ञापन क्र. 105/2026

**संचालक**
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
**'चयन भवन' मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011**
**Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/124696/2026

# सदन में पारित प्रस्तावों का निराकरण शीघ्रता के साथ करें : रन्नू पाण्डेय

## जनपद पंचायत जवा में सामान्य सभा की बैठक संपन्न



**जवा ब्यूरो।** जनपद पंचायत जवा में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन जनपद पंचायत जवा अध्यक्ष रन्नू पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में जनपद उपाध्यक्ष झंडीलाल वर्मा, संचार संकर्म समिति अध्यक्ष प्रवल पाण्डेय, जनपद सदस्य नेहा द्विवेदी, रेखा राजेश शुक्ला, सुशीला गौतम, प्रभावती वर्मा, ममता आदिवासी, कप्तान वर्मा, अनीता आदिवासी, सीईओ शुलाभ सिंह पुशाम, बीपीओ जितेंद्र सिंह, मनरेगा समन्यवक नागेन्द्र सिंह,लेखापाल ऋषभ तिवारी अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद मिश्रा, बीआरसीसी शिवाकांत गौतम, चांदी प्राचार्य विश्वनाथ द्विवेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सीईओ शुलाभ सिंह पुशाम द्वारा जनपद पंचायत जवा अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए विभिन्न योजनाओं सहित पूर्व में पारित बैठक में शामिल एजेंडा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। समान्य सभा बैठक की शुरुआत काफी हंगामेदार रही। संचार निर्माण समिति सभापति प्रवल पाण्डेय ने पिछली समान्य सभा की बैठक मे पारित किये गये प्रस्तावों पर किसी भी तरह की कार्यवाही न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सदन द्वारा पूर्व में पारित प्रस्तावों को पर किसी भी तरह की कार्यवाही एवं मांगों का निराकरण न किया जाना यह सदन का अपमान है। साथ ही उन्होंने पीएम आवास के सर्वे में सचिवों द्वारा की जा रही अवैध वसूली, बंद पड़ी गौशालाओं को चालू करवाने हेतु सदन का ध्यानाकर्षण कराकर प्रस्ताव पारित किया गया एवं सदन द्वारा पारित प्रस्तावों पर गंभीरता के साथ अमल में लाने की मांग की।

### सामाजिक समस्याओं के निराकरण का उठाया मुद्दा

जनपद उपाध्यक्ष झंडीलाल वर्मा ने बिगड़े हैण्ड पम्प की शीघ्रता के साथ मरम्मत कराये जाने, मनरेगा के मजदूरी भुगतान,जनपद सभागार की मरम्मत सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक प्रस्ताव पारित किया गया। महिला बाल विकास सभापति नेहा द्विवेदी एवं सहकारिता सभापति रेखा राजेश शुक्ला ने भी विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा कर सदन का ध्यानाकर्षण कराकर प्रस्ताव पारित किया गया। जनपद अध्यक्ष रन्नू पाण्डेय ने भी सदन द्वारा पारित प्रस्ताव पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सदन की गरिमा को बचाए रखने एवं पारित प्रस्तावों का शीघ्रता से निराकरण का निर्देश अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन तत्परता के साथ करें जिससे आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। सीईओ शुलाभ सिंह पुशाम ने पारित प्रस्तावों पर कार्यवाही का आश्वासन देते हुए उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सामान्य सभा की बैठक में जनपद सदस्य कौशलेश आदिवासी , प्रियंका तिवारी, अनीता कोल सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

# 84 क्लब ईटार को हराकर नवयुवक मंडल गुढ़वा बना चैंपियन

## अमर शहीद सुभाष त्रिपाठी स्मृति वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन संपन्न



**आंचलिक डेस्क।** जिले के गुढ़ नगर पंचायत क्षेत्र के गुढ़वा गांव में वॉलीबाल का भव्य आयोजन गुरुवार को हुआ। जहां फाइनल मैच में नवयुवक मंडल गुढ़वा ने 84 क्लब ईटार को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रमणि तिवारी ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। जहां उद्घाटन मैच कमल स्पोर्टिंग क्लब गुढ़वा और उमरिहा के बीच पहला मैच खेला गया। जिसमें कमल स्पोर्टिंग क्लब गुढ़वा ने जीत दर्ज की। इस नॉकआउट मैच में नवयुवक मंडल गुढ़वा व 84 क्लब ईटार ने फाइनल में जगह बनाई थी। जहां फाइनल मैच में नवयुवक मंडल गुढ़वा ने 84 क्लब ईटार को 25-23 से पहला व 25-16 से दूसरा मैच हराकर जीत दर्ज की है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर कपिध्वज सिंह भैया साहब थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र उपाध्याय, शुक्रमणि तिवारी, प्रेम निधि त्रिपाठी, धर्मेंद्र त्रिपाठी, व्यास मुनि त्रिपाठी, राम सुंदर त्रिपाठी, दिवाकर त्रिपाठी, भारत लाल शर्मा, कैलाश त्रिपाठी सहित क्षेत्र के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन मंडल में मुख्य रूप से बृजेश दुबे बिहारी, विवेक पांडे, भूपेंद्र मिश्रा, सत्यम त्रिपाठी, अरविंद साकेत, मानेंद्र साकेत, सुधीर दुबे, राज पटेल, कृष पाठक, कृष्णकांत पटेल, अमन पटेल, अंश त्रिपाठी, आयुष्मान त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, ऋषभ दुबे, संगम धर दुबे सहित समस्त ग्राम वासियों ने सहयोग प्रदान किया है।

### आयोजन में यह टीम रहीं शामिल

एक दिवसीय अमर शहीद सुभाष त्रिपाठी स्मिथ वॉलीबॉल टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों में नवयुवक मंडल गुढ़वा, कमल स्पोर्टिंग क्लब गुढ़वा, 84 क्लब ईटार, श. उ. मा. वि. दुआरी, नवयुवक मंडल बरसैता, उमरिहा, रॉयल टाइगर दुआरी व गुढ़ की टीमों ने भाग लिया।

# नशे की विरुद्ध अपनाई जाए जीरो टॉलरेंस की नीति

## रीवा जोन के आईजी ने मऊगंज जिले की वार्षिक समीक्षा में दिए निर्देश

**जागरण, रीवा।** आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत ने शुक्रवार को मऊगंज पुलिस के साथ वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और नशे के काले कारोबार को जड़ से समाप्त किया जाए। उन्होंने नाबालिग बालक-बालिकाओं की सुरक्षित दस्तयाबी और गौ-तस्करी जैसे गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक ने निर्देशित किया कि पुलिस अपनी कार्यप्रणाली और दक्षता को निरंतर बनाए रखे एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों को और अधिक प्रभावी बनायें। इसके साथ ही आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर एवं रासुका की कार्यवाही करने पुलिसिंग में आपसी संवाद, सामंजस्य और सौहार्द को प्राथमिकता देते हुए आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण को कहा गया। समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने मऊगंज जिले में नशे के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही कर जिले में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी एवं उनकी पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता से न केवल अपराधियों पर लगाम लगी है, बल्कि जनता में सुरक्षा का भाव और पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। बैठक में प्रमुख रूप से मऊगंज पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, एसडीओपी सचि पाठक सहित जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारी और कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रशासन से मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन मिलने के बाद दुआरी में चल रहा धरना समाप्त

## 12 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन



**दुआरी, नि.प्र.।** दुआरी तहसील गुढ़ में कई दिनों से जारी जनधरना शुक्रवार को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा, जब कार्यपालिक मजिस्ट्रेट महिमा पाठक ने मौके पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से मुलाकात की और 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्राप्त किया। प्रशासन की ओर से ठोस कार्यवाही के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। धरने का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी के साथ हरिश्चंद्र पांडे, अंजनी सिंह (सरपंच), दुआरी बृजभान पटेल, सुरेश तिवारी, विनोद अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और लाडली बहनों ने किया। महिलाओं और आदिवासी समुदाय की सक्रिय भागीदारी ने आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन प्रदान किया।

### 12वीं की छात्राओं का परीक्षा से वंचित होना बना प्रमुख मुद्दा

आंदोलन का सबसे ज्वलंत विषय रहा 12 छात्राओं का परीक्षा फॉर्म न भरे जाने के कारण परीक्षा से वंचित होना। अभिभावकों का कहना था कि इस घटना से क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की किरकिरी हुई है और स्कूलों के प्रति विश्वास डगमगा रहा है। प्रशासन ने मामले की जांच कर त्वरित निराकरण का भरोसा दिया।

### शराब दुकान, स्पीड ब्रेकर और तेंदूपत्ता भुगतान पर भी आश्वासन

ग्रामीणों ने दुआरी स्थित शराब दुकान के संबंध में समुदाय के साथ निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की मांग उठाई। प्रशासन ने शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए यातायात सुरक्षा हेतु गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) निर्माण का भरोसा दिया। इसके अलावा तेंदूपत्ता श्रमिकों के लंबित भुगतान को जल्द जारी कराने तथा राजस्व विभाग, सर्किल दुआरी के प्रकरणों का तत्काल निपटारा करने का भी आश्वासन दिया गया।

### समाधान की दिशा में कदम

ज्ञापन सौंपने के बाद कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ने सभी बिंदुओं पर संवेदनशीलता से विचार कर शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया। प्रशासनिक आश्वासन के उपरांत आंदोलनकारियों ने धरना समाप्त करने की घोषणा की, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि यदि समयबद्ध समाधान नहीं हुआ तो पुनः आंदोलन का मार्ग अपनाया जाएगा। दुआरी की इस जनएकजुटता ने स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा, रोजगार और स्थानीय समस्याओं को लेकर ग्रामीण अब सजग हैं और अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर आवाज उठाने को तैयार हैं।

## न्यूज कार्नर

### कलेक्टर ने लापरवाह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया नोटिस

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा महिला एवं बाल विकास परियोजना हनुमना क्रमांक 02 अंतर्गत विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन मे लापरवाह 41 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पद से पृथक करने नोटिस दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, पोषण ट्रैकर ऐप में हितग्राहियों का पंजीयन, आभा आईडी, अपार आईडी, फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम से टेक होम राशन का वितरण, बच्चों को हॉट कुक मील नाश्ता भोजन एंट्री, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उनका पंजीयन एवं फॉलोअप के संबंध में न्यूनतम प्रगति रिपोर्ट पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आंगनवाड़ी केन्द्र जत्था, बेल्हा कन्हैया, खोड़मानी 1 एवं 2, कोईडार, पटेहरा 5, गोईडार, पतेहरी, बन्ना जवाहर सिंह 1, देवरी, गाड़ा 234-1 एवं 2, पार्टी नन्हकू सिंह, जड़कुड 1, लोढ़ी 1 एवं 3, कैलाशपुर 3, अगरही, दामोदर गढ़ 4, मूर्तिहा, पिपरौही, मझिगवां (प्रतापगंज), रघुनाथगढ़ 1, मिसिरगवा 2 एवं 3, खूंटा पईपखार, घोंघम, हाटा 4,पीतांबरगढ़, पिपरहा, पटेहरा क्रमांक 02, 3 एवं 6, बिरादेई 3, बन्ना महात्मान, नाउंककला 2,कोन, भोडहा, नरसिंहपुर, चोरहा, जड़कुड़ क्रमांक 02 को नोटिस जारी किए गए है। समाधानकारक जवाब न पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही कर पद से पृथक किया जायेगा।

### स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं से निजात दिलाने जनप्रतिनिधियों ने मेडिकल ऑफिसर को सौंपा ज्ञापन

**सेमरिया, नि.प्र.।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया में सिरमौर ब्लॉक की 12 पंचायत से सरपंच उप सरपंच एवं पंच बहनों द्वारा 27 फरवरी को सेमरिया क्षेत्र की जन समुदाय के स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर मेडिकल ऑफिसर से मुलाकात की उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर बताया कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को लेकर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, खासकर निर्धन व वंचित वर्ग की महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**गिनाई यह समस्याएं :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थाई महिला चिकित्सक न होने के कारण गर्भवती महिलाओं एवं अन्य महिला रोगियों को प्रसव एवं अन्य उपचार के लिए 40 से 45 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल जाना पड़ता है जो आपातकालीन स्थिति में जानलेवा हो सकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी की सुविधा न होने से गर्भवती महिला और अन्य महिला रोगियों को प्रसव के समय समस्या होती है जिसके लिए उन्हें रीवा सतना में जाकर सोनोग्राफी करना पड़ता है जिससे उन्हें आने-जाने में प्रसव पीड़ा का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मशीन उपलब्ध होने के बावजूद भी नियमित ऑपरेटर न होने से दुर्घटनाग्रस्त मरीजों एवं टीवी के मरीजों को प्राइवेट एक्स-रे सेंटर में जा कर जांच करानी पड़ रही है जिसमें निर्धन व वंचित वर्ग के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**जनप्रतिनिधियों ने रखी यह मांगें :** इन्हीं समस्याओं को लेकर महिला सरपंच, उप सरपंच, पंच आदि ने स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदन देते हुए निवेदन किया है कि सेमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक नियमित महिला डॉक्टर की तत्काल नियुक्ति की जाए एवं सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराकर तकनीकी स्टाफ नियुक्त किया जाए साथ ही एक्स-रे ऑपरेटर की स्थाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### ग्लोबल एकेडमी स्कूल को मिली सीबीएसई से मान्यता

**मऊगंज ब्यूरो।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित मऊगंज अंचल की विद्यालय ग्लोबल एकेडमी को सीबीएसई स्कूल की मान्यता मिली है जिससे नवागत जिले मऊगंज में शिक्षा को काफी बढ़ावा मिल रहा है। ग्लोबल स्कूल बहुती मऊगंज अंचल के पहली और एकमात्र सीबीएसई स्कूल है। जिस शिक्षा के लिये यहां के लोग दूर दराज बड़े शहरों में जाते थे अब वो शिक्षा का स्तर उनके अंचल उनके क्षेत्र मे मिलने से क्षेत्रवासियों मे काफी प्रसन्नता है। ग्लोबल स्कूल को सीबीएसई की मान्यता मिलने से शैक्षिक चेतना में एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। यह प्रशासनिक उपलब्धि नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा और शैक्षिक दृष्टिकोण की ओर एक सशक्त कदम है। ग्लोबल स्कूल की यह उपलब्धि बताती है कि, विद्यालय ने अधोसंरचना, शिक्षण प्रणाली, प्रशिक्षित शिक्षकों, सुरक्षा मानकों और समग्र विकास की दृष्टि से उन सभी कसौटियों को पूर्ण किया है जो सीबीएसई द्वारा निर्धारित की जाती हैं। ग्लोबल एकेडमी में नवीनतम सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षण प्रोजेक्ट आधारित अधिगम, कौशल आधारित मूल्यांकन प्रणाली, प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप शैक्षणिक तैयारी सुनिश्चित की जायेगी।

# थाना प्रभारी अवनीश पांडे की दो टूक, अराजक तत्वों पर होगी सख्त कार्रवाई



## होली व रमजान को लेकर गढ़ थाना में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**गढ़, नि.प्र.।** आगामी होली एवं पवित्र माह रमजान को शांति, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गढ़ थाना परिसर में थाना प्रभारी अवनीश पांडे के नेतृत्व में शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, डीजे संचालकों, बीट प्रभारियों एवं समस्त थाना स्टाफ की उपस्थिति रही। बैठक की शुरुआत आपसी संवाद के साथ हुई, जिसमें थाना प्रभारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व सामाजिक एकता, प्रेम और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक हैं। इन त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या उकसावे की स्थिति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व त्योहारों के अवसर पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अवनीश पांडे ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, विवाद या तनाव की स्थिति की सूचना तत्काल थाने को दूरभाष के माध्यम से दें, ताकि समय रहते पुलिस कार्रवाई कर सके और स्थिति को बिगड़ने से रोका जा सके।

### निर्धारित ध्वनि सीमा एवं समयावधि का पालन सुनिश्चित करें डीजे संचालक

बैठक में डीजे संचालकों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि वे शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा एवं समयावधि का पालन सुनिश्चित करें। धार्मिक स्थलों, जुलूस मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने और अफवाहों से बचने की भी हिदायत दी गई। पुलिस स्टाफ की ओर से एएसआई शिव प्रसाद रावत, प्रधान आरक्षक राजेंद्र पांडे, महेंद्र सिंह, राजेश पाठक, आरक्षक अभिषेक पांडे, बलराम यादव, देवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी बीट प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

### सकारात्मक पहल का आमजनों ने किया स्वागत

गणमान्य नागरिकों में उप सरपंच गढ़ आशिक खान सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वे समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने और पुलिस प्रशासन का हरसंभव सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़ क्षेत्र सदैव से सौहार्द की मिसाल रहा है और आगे भी रहेगा। बैठक के अंत में थाना प्रभारी ने उपस्थित सभी लोगों को अपना एवं संबंधित बीट प्रभारी का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हुए कहा कि पुलिस 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तत्पर है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना दें, पुलिस प्रशासन आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। गढ़ थाना द्वारा की गई इस पहल को क्षेत्र में सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि आपसी सहयोग और सतर्कता से इस वर्ष भी होली और रमजान का पर्व शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न होगा।

# हनुमना में फाग गीत के साथ निकाली गई प्रभात फेरी



## एकादशी को छोटे हनुमान मंदिर एवं प्रतिदिन लक्ष्मी नारायण मंदिर में होता है रामायण का पाठ

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर भक्तिमय कार्यक्रम के आयोजन के लिए सम्पूर्ण विंध्य में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। इस नगर में भक्ति रस कार्यक्रम अनवरत हुआ करते हैं, प्रत्येक एकादशी को सुबह प्रभात फेरी, रात्रि में छोटे हनुमान जी मंदिर में बंसीलाल गुप्ता के सानिध्य में रामायण पाठ एवं महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन शाम 7: 00 बजे से प्रतिदिन किया जाता है तथा प्रतिदिन लक्ष्मी नारायण मंदिर में कमेटी के द्वारा रामायण का पाठ आज 50 वर्षों से प्रतिदिन किया जाता है। होली के त्योहार के उपलक्ष्य में एकादशी के पावन दिन पर प्रभात फेरी निकाली गई और भगवान कृष्ण के रिझाने के लिए मनमोहक प्रिय भजन फाग गीत भक्तों द्वारा गुनगुनाया गया। यह प्रभात फेरी ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 5:00 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रस्थान करती है। राम जानकी मंदिर धर्मशाला प्रांगण गांधी पार्क दुर्गा मंदिर बड़े हनुमान जी मंदिर नगर भ्रमण करते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर महामृत्युंजय मंदिर के साथ भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण और समापन किया जाता है। इस प्रभात फेरी के संयोजक विट्ठल दास गुप्ता , टिंकल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, मुन्ना किराना वाले, मनोज मेडिकल किशुंनदास गुप्ता, गल्ला वाले, मुन्नीलाल कचेर, धनंजय दास गुप्ता, पवन गुप्ता, लालचंद गुप्ता, संतोष गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, मदन चंद टेंट वाले हजारीलाल गुप्ता, लालजी हार्डवेयर गुड्डू, समोसे वाले, बृजकिशोर गुप्ता , बंसीलाल किराना वाले, लक्ष्मी नारायण मंदिर में साफ-सफाई की व्यवस्था राधे बर्तन वाले उनके बड़े भाई वासुदेव गुप्ता बर्तन वाले, संजय गुप्ता पिता राम मिलन गुप्ता, मनोज गुप्ता, पिता छेदीलाल गुप्ता, मिठाई वाले दयाचंद गुप्ता (बेच्चन सेठ )एवं उनकी धर्मपत्नी के द्वारा किया जाता है। उपरोक्त भक्तों की लोक एवं भक्ति कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहता है।

## मनगवां तहसील में नायब तहसीलदार का स्थल निरीक्षण

**गढ़, नि.प्र.।** गढ़ क्षेत्र में शुक्रवार को राजस्व प्रशासन की सक्रियता दिखी। वित्त गढ़ तहसील मनगवां के नायब तहसीलदार अजय मिश्रा ने विभिन्न शिकायतों के संबंध में मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। गढ़ निवासी कुबेरनाथ त्रिपाठी द्वारा घर के सामने स्थित जर्जर यूकेलिप्टस को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया था कि उक्त जर्जर संरचना से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अभिलेखों का परीक्षण करने के निर्देश दिए। दूसरी शिकायत जितेंद्र सिंह द्वारा की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि प्रमोद सिंह द्वारा आयुर्वेद औषधालय के सामने लंबे समय से अतिक्रमण किया गया है। प्रशासनिक टीम ने स्थल निरीक्षण कर स्थिति का अवलोकन किया तथा आवश्यक दस्तावेजों की समीक्षा हेतु फाइल तलब की। इसी क्रम में गढ़ क्षेत्र में प्रस्तावित/ खेल मैदान से संबंधित फाइल के आधार पर भी मौके पर पहुंचकर जांच की गई। प्रशासन ने जमीन की वास्तविक स्थिति और अभिलेखीय तथ्यों का मिलान किया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार अजय मिश्रा ने स्पष्ट किया कि सभी मामलों में फाइल अवलोकन एवं राजस्व अभिलेखों की जांच उपरांत ही न्यायोचित निर्णय लिया जाएगा। यदि कहीं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाया जाता है तो संबंधित अतिक्रमणकारी को स्वयं संज्ञान लेकर हटाने का अवसर दिया जाएगा। अन्यथा पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने दो टूक कहा कि शासकीय संपत्ति पर किसी भी प्रकार का नाजायज कब्जा या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासनिक अमला नियमों के तहत कार्रवाई करेगा और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने जीता दिल, हुए पुरस्कृत

## मऊगंज खेल प्रतियोगिता में आईजी गौरव राजपूत रहे मुख्य अतिथि



**मऊगंज ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप आयोजित खेल प्रतियोगिता का आज भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईजी गौरव राजपूत उपस्थित रहे। उनके आगमन पर आयोजकों एवं उपस्थित जनसमूह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

समापन अवसर पर आईजी गौरव राजपूत ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा हैं, लेकिन दोनों ही परिस्थितियां खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में खेल प्रतियोगिता के आयोजक पंकज पांडे सहित अन्य वरिष्ठ जन और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। समापन समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रकार के आयोजनों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई।

# जैक्स-रेहान ने हारे हुए मैच में इंग्लैंड को दिलाई जीत, पाकिस्तान सेमीफाइनल की रेस में बरकरार

## सुपर-8: न्यूजीलैंड चार विकेट से हारा, इंग्लैंड शीर्ष पर रहते अंतिम चार में

जेएनएन, कोलंबो

विल जैक्स और रेहान अहमद के हरफनमौला खेल के दम पर इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में शुक्रवार को हार के कगार से वापसी करते हुए न्यूजीलैंड पर चार विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जैक्स ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट और रेहान ने तीन ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लेने बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सातवें विकेट के लिए 16 गेंद में 44 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। जैक्स ने 18 गेंद में नाबाद 32 रन की ताबड़तोड़ पारी, जबकि रेहान ने सात गेंद में नाबाद 19 रन बनाए। न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 159 रन पर रोकने के बाद इंग्लैंड ने 19.3 ओवरों में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस नतीजे के साथ पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जीवित रहीं। अब उसे शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी, जहां नेट रन रेट भी अहम भूमिका निभाएगा। इंग्लैंड पहले ही ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बना चुका है। अगर यह मैच न्यूजीलैंड जीत जाती तो वह सीधे अंतिम चार में पहुंच जाती और पाकिस्तान बाहर हो जाता। जैक्स और रेहान के साथ आदिल रशीद (28 रन पर दो विकेट) की स्पिनरों की तिकड़ी ने अच्छी शुरुआत के बाद न्यूजीलैंड को बड़ स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज ने बड़ी पारी नहीं खेली। ग्लेन फिलिप्स (39 रन), टिम सिफर्ट (35 रन) और फिन एलेन (29 रन) ने बल्ले से अहम योगदान दिए।



■ इस विश्व कप में विल जैक्स चौथी बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने इस मैच में 18 गेंद में नाबाद 32 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी लिए।

### फिलिप्स का ओवर टर्निंग पाइंट

लक्ष्य का पीछा करते समय इंग्लैंड की टीम 17 ओवर में छह विकेट पर 117 रन बनाकर संकट में फंसी हुई थी और उसे आखिरी 18 गेंदों पर 43 रन की दरकार थी। टूर्नामेंट में चौथी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए जैक्स और रेहान ने 18वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स पर 22 रन बटोरकर मैच का रुख पलट दिया और समीकरण 12 गेंदों में 21 रन पर ला दिया। इस जोड़ी ने कप्तान मिचेल सैंटनर के ओवर से 16 रन जुटाकर इंग्लैंड को निर्णायक बढ़त दिला दी। अंतिम ओवर में पांच रन बचे थे, जिसे आसानी से हासिल कर लिया गया।

**10** वीं बार जोश बटलर टी-20 में शून्य पर आउट हुए हैं। उन्होंने ल्यूक राइट और मोइन अली का रिकॉर्ड तोड़ा। जो 9-9 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

**44** रन की साझेदारी विल जैक्स और रेहान अहमद के बीच सातवें विकेट के लिए हुई। यह इंग्लैंड के तरफ सबसे बड़ी साझेदारी है, उन्होंने जेमी ओवर्टन और विल जैक्स के 35 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा।



रेहान अहमद
दो विकेट
नाबाद 19 रन

## श्रीलंका पर बड़ी जीत पहुंचा सकती है पाकिस्तान को सेमीफाइनल में

**पाल्लेकल।** अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा, जबकि संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इस ग्रुप में इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है, जबकि न्यूजीलैंड (दूसरे नंबर) और पाकिस्तान (तीसरे नंबर) अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (1.390) भी पाकिस्तान से बेहतर है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है।

### क्या है समीकरण?

अगर पाकिस्तान पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका को कम से कम 66 रन से हराता है, या लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवर के भीतर जीत दर्ज करता है, तो वह सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक जाएगा और न्यूजीलैंड अगले दौर में पहुंच जाएगा।

### सुपर-8 में भारत बनाम वेस्टइंडीज मैच कल

# वर्चुअल क्वार्टर फाइनल में ईडन गार्डन्स पर रन वर्षा की उम्मीद

जेएनएन, कोलकाता

भारत का रविवार को टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टर फाइनल' उसी पिच पर खेला जाएगा, जहां स्कॉटलैंड ने टूर्नामेंट का पहला 200 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। स्थानीय क्यूरेटर सुजान मुखर्जी के अनुसार भारत और वेस्टइंडीज के बीच सुपर आठ का मुकाबला उसी पिच पर होगा, जिस पर टी-20 विश्व कप का दूसरा मैच खेला गया था। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार शाम पिच और आउटफील्ड को पूरी तरह ढकने से पहले उसका निरीक्षण किया। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने मुखर्जी और बोर्ड के मुख्य क्यूरेटर आशीष भौमिक के साथ लंबी चर्चा की। पूर्व भारतीय कप्तान ने दोनों छोर से पिच की सतह का मुआयना किया। मुखर्जी ने कहा कि गांगुली पिच की तैयारी देखकर खुश दिखे। यह वही पिच है, जिसका इस्तेमाल विश्व कप के दूसरे मैच में हुआ था। यह पारंपरिक ईडन विकेट है, जिस पर काफी रन बनते हैं और गेंदबाजों के लिए भी कुछ न कुछ होता है। उन्होंने साथ ही कहा कि मैदान पर काफी ओस भी रहने की संभावना है।

**2016** के बाद यह पहला मौका होगा, जब दोनों टीमें टी-20 विश्व कप में आमने-सामने होंगी।




■ भारत इस चरण में ईडन गार्डन्स पर अपना पहला मैच खेलेगा, जबकि वेस्टइंडीज को थोड़ा फायदा मिल सकता है, क्योंकि उसने पहले ही यहां दो ग्रुप मैच (स्कॉटलैंड और इटली के खिलाफ) खेले हैं, जिसमें उसे जीत मिली है। दक्षिण अफ्रीका के वेस्टइंडीज को हराने और भारत के जिम्बाब्वे को बाहर करने के बाद यह सुपर आठ मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा बन गया है।

■ स्कॉटलैंड ने नौ फरवरी को इटली के खिलाफ चार विकेट पर 207 रन का स्कोर बनाकर इस विश्व कप का पहला 200 रन से ज्यादा का स्कोर दर्ज किया। उसने इटली को 134 पर आउट कर दिया।

### पिच पर अच्छा उछाल

पिच काफी सूखी होने की संभावना है, जिसके कारण स्पिन गेंदबाजी फिर से अहम भूमिका निभा सकती है। हालांकि ईडन पिच पर अच्छा उछाल मिलता है। इंग्लैंड के मुकाबलों में यह साफ देखा गया जहां जोफ्रा आर्चर ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या भी अपने मौके को भुनाने की उम्मीद रख सकते हैं।

■ भारत और वेस्टइंडीज की टीमें चार साल बाद इस मैदान पर टी-20 में आमने-सामने होंगी। भारत ने 20 फरवरी 2022 को ईडन गार्डेंस पर टी-20 में वेस्टइंडीज को 17 रनों से हराया था।

■ वेस्टइंडीज ने कोलकाता में कुल सात टी-20 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से तीन में उसे जीत मिली है, जबकि चार मैच टीम ने गंवाए हैं। वेस्टइंडीज को इस मैदान पर सभी हार भारत के खिलाफ ही मिली है।

## खेल एक नजर

### रवि शास्त्री के नाम पर होगा वानखेड़े स्टेडियम में एक स्टैंड

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने शुक्रवार को घोषणा की है कि मशहूर वानखड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम भारत के पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री के नाम पर रखा जाएगा और साथ ही दिलीप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडुल्जी के नाम पर भी गेट समर्पित किए गए। स्टेडियम में जहां स्टैंड का नाम मुंबई के पूर्व कप्तान शास्त्री के सम्मान में रखा जाएगा, तो वहीं स्थल के तीन अलग-अलग गेट शहर के खिलाड़ियों के नाम पर रखे जाएंगे। एमसीए ने कहा कि शीर्ष परिषद ने मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में प्रेस बॉक्स के नीचे लेवल एक स्टैंड का नाम भारत के पूर्व कप्तान और मशहूर कमेंटेटर रवि शास्त्री के नाम पर रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुंबई और भारतीय क्रिकेट में एक खिलाड़ी और एक कोच दोनों के तौर पर उनके शानदार योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है। ये फैसले यहां एमसीए की शीर्ष परिषद बैठक के दौरान लिए गए। गेट नंबर तीन का नाम सरदेसाई के नाम पर रखा जाएगा, जिन्होंने 1960-61 और 1972-73 के बीच भारत के लिए 30 टेस्ट और कुल 179 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे। गेट नंबर पांच का नाम एडुल्जी के सम्मान में रखा जाएगा। इसी तरह गेट नंबर छह का नाम सोलकर के नाम पर रखा जाएगा।



### ताचिकावा के गोल से जमशेदपुर एफसी की लगातार तीसरी जीत

**कोलकाता, जेएनएन।** स्थानापन्न खिलाड़ी रेई ताचिकावा के आखिरी समय में किए गए गोल की बदौलत जमशेदपुर एफसी ने शुक्रवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले में ईस्ट बंगाल को 2-1 से शिकस्त दी। जमशेदपुर एफसी की यह लगातार तीसरी जीत है, जिससे वह तीन मैच में नौ अंक से तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। ईस्ट बंगाल इस सत्र की अपनी पहली हार के बाद छह अंक पर है। ईस्ट बंगाल ने 40वें मिनट में एडमंड लालरिंडिका ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, जो पहले हाफ तक कायम रही। पर जमशेदपुर एफसी ने शानदार वापसी की और 61वें मिनट में स्टीफन इजे के गोल से बराबरी हासिल की। इसके बाद 84वें मिनट में मैदान पर उतारे गए जापानी मिडफील्डर ताचिकावा ने 87वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई।




### पाक कप्तान आगा के परिवार को निशाना बनाना शर्मनाक है: मिर्जा

**पाल्लेकल, जेएनएन।** पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सलमान मिर्जा ने कहा कि विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद प्रशंसकों द्वारा कप्तान सलमान अली आगा के परिवार को निशाना बनाना शर्मनाक है। मिर्जा ने अपने कप्तान का बचाव किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी के परिवार को निशाना बनाने वाला कोई भी कृत्य बेहद शर्मनाक है। हर खिलाड़ी मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। अगर किसी दिन वह अच्छा नहीं कर पाता, तो इसका मतलब यह नहीं कि उसके परिवार को निशाना बनाया जाए। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। मिर्जा ने कहा कि टीम फिलहाल अपने नियंत्रण की चीजों पर ही ध्यान दे रही है।

# जम्मू-कश्मीर पहला रणजी खिताब जीतने के करीब, कर्नाटक की वापसी लगभग असंभव

**फाइनल : कर्नाटक पहली पारी में 293 पर सिमटी जम्मू-कश्मीर की कुल बढ़त 477 रन**

जेएनएन, हुबली

अनुभवी तेज गेंदबाज आकिब नबी (54 रन देकर पांच विकेट) और सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार प्रदर्शन से जम्मू-कश्मीर की टीम शुक्रवार को चौथे दिन कर्नाटक के खिलाफ विशाल बढ़त की बदौलत अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने के करीब पहुंच गई है। इकबाल (नाबाद 94) के सातवें प्रथम श्रेणी अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर ने स्टंप तक दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 477 रन की कर ली। दिन की शुरुआत में नबी ने सत्र का सातवीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया, जिससे आठ बार की चैंपियन कर्नाटक की टीम पहली पारी में 293 रन पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल की। कर्नाटक की पारी में पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल (160 रन) के शतक का अहम योगदान रहा, क्योंकि अन्य खिलाड़ी संभलकर नहीं खेल सके।



■ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नबी के सपनों जैसे प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। पिछले दो सीजन में उनके नाम 13.58 की औसत से 108 विकेट हैं। इनमें से 60 विकेट मौजूदा रणजी सीजन में आए हैं, जो इस सीजन संयुक्त रूप से सर्वाधिक है।

### कामरान इकबाल ने दो अर्धशतकीय साझेदारी

कर्नाटक ने अच्छी शुरुआत भी की और जम्मू-कश्मीर के 11 रन पर दो विकेट झटक लिए। लेकिन इकबाल ने कप्तान पारस डोगरा के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन और फिर अब्दुल समद के साथ चौथे विकेट के लिए 73 रन की भागीदारी निभाई। इकबाल ने पांचवें विकेट के लिए साहिल लूथरा (16*) के साथ 41 रनों की अविजित साझेदारी निभाई ली थी।

### कर्नाटक के आखिरी 5 विकेट 52 रन पर गिरे

कर्नाटक ने सुबह पांच विकेट पर 220 रन के स्कोर से खेलना शुरु किया। मयंक और कृतिक कृष्णा (36) ने छठे विकेट के लिए 80 से ज्यादा रन जोड़कर अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन दूसरी नई गेंद लिए जाने के बाद उनकी कोशिश नाकाम रही। साहिल लूथरा ने कृतिक को पगबाधा आउट कर इस भागीदारी को समाप्त किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने विद्याधर पाटिल का विकेट झटककर दबदबा बनाए रखा। लेकिन नबी ने अग्रवाल का विकेट झटककर कर्नाटक की बची उम्मीद भी खत्म कर दी। कर्नाटक ने अपने आखिरी पांच विकेट सिर्फ 52 रनों के अंदर गंवा दिए। नबी के अलावा सुनील और युद्धवीर सिंह चरक ने दो-दो विकेट लिए।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर लगातार 12वीं वनडे सीरीज जीती

**भारत ने बनाए 251 रन, कंगारू टीम 36.1 ओवर में पांच विकेट से जीती**

जेएनएन, होबार्ट

ऑस्ट्रेलिया ने मौजूदा चैंपियन भारत को दूसरे महिला वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 83 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिका रावल (52) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (54 रन) के अर्धशतक की बदौलत नौ विकेट पर 251 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने प्लेयर ऑफ द मैच जॉर्जिया वोल (101 रन) और फीबी लिचफील्ड (80 रन) की उम्दा पारियों की मदद से 36.1 ओवर में पांच विकेट पर 252 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे सीरीज में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक भारत के खिलाफ सभी 12 द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती हैं। इन दोनों टीम के बीच तीसरा और अंतिम वनडे एक मार्च को खेला जाएगा।



### वोल का शतक, लिचफील्ड ने बनाए 80 रन

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेल रही कप्तान एलिसा हीली (06) का विकेट जल्दी गंवा दिया, जिन्हें काश्वी गौतम (47 रन देकर दो विकेट) ने इनस्विंग यॉर्कर पर बोल्ड किया। इसके बाद हालांकि लिचफील्ड और वोल ने लगभग 15 ओवर तक भारत को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी और इस बीच दूसरे विकेट के लिए 15.4 ओवर में 119 रन की साझेदारी की। क्रांति गौड़ (54 रन देकर एक विकेट) ने लिचफील्ड को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। वोल ने बेथ मूनी (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 गेंद पर 82 रन की साझेदारी की। वह शतक पूरा करने के बाद कासवी की गेंद पर फाइन लेग पर कैच देकर पवेलियन लौटी। दीप्ति शर्मा (32 रन देकर दो विकेट) ने मूनी और फिर एनाबेल सदरलैंड (10) को आउट किया। एशले गार्डनर (नाबाद 19) ने विजयी चौका लगाया।

### अच्छी शुरुआत के बाद बिखरी टीम इंडिया

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को रावल और स्मृति मंधाना ने 78 रनों की बढ़िया शुरुआत दी, लेकिन उसके बाद पारी लड़खड़ा गई एवं स्कोर 78-0 से 130-5 हो गया। मंधाना 31, जेमिमाह रॉड्रिग्स 11, दीप्ति शर्मा 1 और अमनजोत कौर 13 रन बनाकर आउट हुईं। हरमनप्रीत ने टीम को 250 के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया। काश्वी गौतम ने 25, रिचा घोष ने 22 और क्रांति गौड़ ने 19 रनों की उपयोगी पारियां खेली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ऐनाबेल सदरलैंड, एश्ली गार्डनर और अलाना किंग ने 2-2 विकेट लिए।

## अरविंद ने नीमन को हराकर चौंकाया

**प्राग (चेक गणराज्य), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ अंक बांटकर एक और ड्रॉ खेला, लेकिन मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के दूसरे दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराकर सबको चौंका दिया। गुकेश लगातार दूसरी बाजी में सफेद मोहरों से खेल रहे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें लगातार दूसरे दौर में अंक बांटने पड़े। उन्होंने पहले दौर में नीमन के साथ भी बाजी ड्रॉ खेली थी। अरविंद ने फिलिडोर डिफेंस अपनाने की अपनी नई पसंद को जारी रखा, जबकि नीमन ने सफेद मोहरों से शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। यह बाजी जब महत्वपूर्ण मोड़ पर थी तब अमेरिकी खिलाड़ी के पास समय कम पड़ गया, जिसका अरविंद ने पूरा फायदा उठाकर जीत हासिल की। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से पहले दौर में मिली हार के बाद चेन्नई के इस खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद खुशी देने वाली थी।



### टी-20 विश्व कप छोड़ स्वदेश लौटेंगे न्यूजीलैंड के मेट हेनरी

**कोलंबो, जेएनएन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी अपने दूसरे बच्चे के जन्म के मौके पर पत्नी के साथ रहने के लिए स्वदेश लौटे जाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर हेनरी टूर्नामेंट में वापसी कर सकते हैं। मुख्य कोच रोब वाल्टर ने कहा कि सबसे पहले, हम मैट और हॉली को उनके दूसरे बच्चे के जन्म पर बहुत बधाई देते हैं। यह उनके परिवार के लिए बेहद महत्वपूर्ण क्षण है और हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

## क्रिकेट: कंप्यूटर साइंस इंजी. और मैकेनिकल की टीम बनी चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पुरुष टीम और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की महिला टीम क्रिकेट चैंपियन बनी। आरजीपीवी यूआईटी में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट खेला गया। वहीं फुटबॉल में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की पुरुष टीम ने कंप्यूटर साइंस को हराया, जबकि महिला वर्ग में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की टीम पेट्रोकेमिकल को हराकर चैंपियन रहीं। बास्केटबॉल में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पुरुष टीम और इलेक्ट्रिकल की महिला टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के तहत वॉलीबॉल, खो खो, कबड्डी, रस्साकशी, टेबल टेनिस, चेस और कैरम सहित 10 स्पर्धाएं हुईं। आरजीपीवी के कुलगुरु प्रो. एससी चौबे, यूआईटी-आरजीपीवी भोपाल के निदेशक डॉ. एसएस भदौरिया, खेल प्रभारी फैकल्टी डॉ. विजय गुप्ता तथा खेल कोऑर्डिनेटर डॉ. सुनील दोहरे ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।



# आईपीएल 28 मार्च से, फाइनल 31 मई को

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। बीसीसीआई की मूल योजना से दो दिन बाद की तारीख है। पहले यह टूर्नामेंट 26 मार्च से शुरू होने वाला था, लेकिन अब योजना में बदलाव किया गया है। आईपीएल ने सभी फ्रेंचाइजियों को 15 दिसंबर 2025 को जानकारी दी थी कि 2026 सीजन 26 मार्च से शुरू होगा। हालांकि अब पता चला है कि आईपीएल ने अंदरूनी तौर पर शुरुआत की तारीख 28 मार्च करने का फैसला किया है। फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल गवर्निंग काउंसिल अगले हफ्ते बैठक कर सकती है, ताकि शेड्यूल जारी करने की योजना को अंतिम रूप दिया जा सके। शेड्यूल में देरी इसलिए हुई है, क्योंकि असम, बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान अभी तक नहीं हुआ है। कोलकाता का इडेन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है।



■ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद आरसीबी ने कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के साथ इस बात पर चर्चा की है कि टीम के सात घरेलू मैच वहीं खेले जाएं या किसी दूसरे वेन्यू पर शिफ्ट किए जाएं। आरसीबी ने वैकल्पिक वेन्यू शॉर्टलिस्ट किए थे। इनमें नवी मुंबई, रायपुर और पुणे शामिल हैं।

### दो हिस्सों में जारी हो सकता है शेड्यूल

2008 में आईपीएल की शुरुआत के बाद जब भी देश में आम चुनाव हुए हैं, जैसे 2009, 2014, 2019 और 2024 में, या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, तब शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है। गवर्निंग काउंसिल इस बार भी वही मॉडल अपनाने या पहले चुनाव आयोग द्वारा तीनों राज्यों के चुनाव की तारीख घोषित किए जाने का इंतजार करने पर फैसला कर सकती है। गवर्निंग काउंसिल इस पर भी चर्चा करेगी कि टूर्नामेंट का पहला मैच कहां खेला जाएगा। इसमें डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खेलेगी।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास समिति की बैठक 2 मार्च को

**रीवा।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास समिति प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास समिति की बैठक 2 मार्च को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है। सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** लेखा प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र 16 मार्च तक लेखा प्रशिक्षण शाला में दो प्रतियों में स्वीकार किये जायेंगे। प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 जून तक लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र आयोजित होगा।

डा. ऑर्थो ही क्यों खरीदें ?
घुटना दर्द कमर दर्द कंधा दर्द कलाई दर्द
मिलते-जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
जोड़ों के दर्द की बेजोड़ दवा
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
हर बूंद में असर
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो® Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
Dr. Ortho Oil 20% EXTRA
Helpline : 7876977777 • www.drorthooil.com

# घनी आबादी के बीच बारूद का ढेर, अनहोनी से डरे ग्रामीणों ने शुरू किया विरोध

## चोरहटा थाना क्षेत्र के मैदानी में पटाखों का बड़ा स्टॉक



**जागरण, रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मैदानी मोहल्ले में घनी आबादी के बीच बारूद का ढेर लगा हुआ है। कई पटाखा कारोबारी यहां पर नियमों की अनदेखी कर पटाखा कारोबार कर रहे है, एक छोटी से चिंगारी से बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय रहवासी इसे लेकर अब चिंतित नजर आ रहे है। पटाखा गोदाम को हटाने ग्रामीण लामबंद हो गए है, उनका कहना है कि नियम विरुद्ध तरीके से बिना पंचायत की स्वीकृति लंबे समय से पटाखा कारोबारी घनी आबादी के बीच बड़ी संख्या में तेज धमाके वाले पटाखों का स्टॉक किए हुए है। बताया जा रहा है कि पटाखा दुकान के संचालन को लेकर ग्राम पंचायत से किसी भी प्रकार की परमीशन नहीं ली गई है। गौरतलब है कि ग्राम मैदानी में कई पटाखा दुकान और गोदाम संचालित है जहां बड़े स्तर पर विस्फोटक का भंडारण किया जाता है। मैदानी में रहने वाले रविंद्र यादव, रामलाल मिश्रा, भूपेंद्र द्विवेदी सहित अन्य लोगों ने बताया कि इन पटाखा गोदाम में भारी मात्रा में विस्फोटक रखा रहता है, जो कभी भी बड़ी घटना का कारण बन सकता है। इस पूरे मामले को लेकर ग्राम पंचायत के सचिव ज्ञानेंद्र पाण्डेय ने बताया कि किसी भी पटाखा गोदाम और दुकान की परमिशन ग्राम पंचायत की ओर से नहीं दी गई है।

**वैवाहिक सीजन में बढ़ी आतिशबाजी की डिमांड :** बताया जा रहा है कि वैवाहिक सीजन के चलते बड़े पैमाने पर पटाखा कारोबारी तेज धमाके वाले विस्फोटक पटाखों का भण्डारण किए हुए है, गौरतलब है कि वैवाहिक कार्यक्रम में आतिशबाजी की जाती है, मैदानी के पटाखा कारोबारी से छोटे दुकानदार भी पटाखा क्रय करते है, साथ ही यहां से सीधे ग्राहकों को भी पटाखा दिया जा रहा है, रहवासियों को कहना है कि घनी आबादी में पटाखा कारोबार से हर समय अनहोनी का खतरा बना रहता है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

## प्रधान आरक्षक का झूमते हुए वीडियो वायरल



**जागरण, रीवा।** शहर के समान थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया में वायरल है। चर्चा है कि नशे की हालत में प्रधान आरक्षक थाना के अंदर जाते दिख रहे है। वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया है। बताया गया कि उक्त वीडियो प्रधान आरक्षक गणेश साकेत सामान थाने में पदस्थ है, जो सेवानिवृत्त भी होने वाले है। चर्चा यह भी है कि कुछ दिनों पूर्व ही प्रधान आरक्षक गंभीर बीमारी का उपचार कराकर वापस आए साथ ही वर्तमान में भी इनका उपचार चल रहा है। जल्द ही पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं पूरी कर सेवानिवृत्ति भी होने वाले हैं लेकिन उससे पहले इनका एक वीडियो सोशल साइट पर वायरल हुआ जिसमें यह नशे की हालत में लहराते नजर आ रहे है। बहरहाल पूरे मामले को अब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए जांच की बात कही है।

# अस्पताल की तीसरी मंजिल से गिरे श्रमिक की मौत

## त्योंथर अस्पताल में पुताई कार्य में लगा श्रमिक हुआ हादसे का शिकार

## नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम, 7 लाख की सहायता के बाद माने परिजन



**जागरण, रीवा।** सोहागी थाना क्षेत्र के के सिविल अस्पताल त्योंथर में पुताई कार्य में लगा श्रमिक गुरुवार की शाम करीब 4 बजे हादसे का शिकार हो गया। तीसरे मंजिल पर पुताई कार्य में लगा श्रमिक नीचे गिर गया जिससे श्रमिक की मौत हो गई। बताया गया कि सिविल अस्पताल परिसर में पुताई कार्य कर रहा श्रमिक छोटेलाल मांझी 34 साल की हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने ठेकेदार पर सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए प्रशासन से मुआवजे की मांग की। परिजनों का आरोप था कि ठेकेदार ने मजदूर को कोई भी व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, न सेफ्टी बेल्ट, न सेफ्टी नेट उपलब्ध नहीं कराया था। बिना सुरक्षा इंतजाम के ऊंचाई पर काम कराना सीधी जानलेवा लापरवाही बताई जा रही है। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने एसडीएम बंगला का घेराव कर 50 लाख रुपये की सहायता राशि और ठेकेदार पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। घटना के बाद नाराज परिजनों ने सोहागी त्यौंथर मार्ग को चक्काजाम कर दिया। जिसके चलते लंबे समय तक आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने मुआवजा सहित जांच कराकर मामले में कार्रवाई की बात कही वहीं मौके पर पहुंचे ठेकेदार ने 7 लाख रुपए देने का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन मानने को तैयार हुए।

## महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट

**रीवा।** जवा थाना क्षेत्र के बवधर गांव में एक महिला के साथ छेडछाड़ करते हुए मारपीट की घटना सामने आई है। महिला ने आरोपियों पर लूटपाट का भी आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने सुनवाई नहीं की। घायल महिला सुमित्रा यादव ने आरोप लगाया कि आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। घटना के समय उसका पति शादी कार्यक्रम में गया हुआ था और वह घर में अकेली थी। तभी आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने घर का दरवाजा खटखटाया जिससे उसने दरवाजा खोला। पीड़िता का आरोप है कि तभी सोभनाथ, गुलशन, निर्मला सहित अन्य लोग जबरन घर में घुस आए। उन्होंने उसके साथ मारपीट की, छेड़छाड़ की कोशिश की और गहने लेकर फरार हो गए। लाठी-डंडों के हमले से महिला के हाथ पैर में गंभीर चोट आई है, जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित महिला ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## बेजुबान जानवरों के लिए काल बना बल्कर, दर्जनों मवेशियों को कुचला



**रीवा।** गुढ़ थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित बल्कर ने नहर के किनारे मवेशियों को कुचल दिया। घटना नेशनल हाईवे 39 रीवा सीधी रोड बदवार नहर के समीप की बताई गई है। बताया गया कि बल्कर ने चार से पांच बेजुबान मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी अकाल मौत हो गई। अचानक हुई घटना के बाद बल्कर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस अग्रिम कार्रवाई में लगी हुई है।

आवश्यकता है
Faith Bricks Industries-Rewa
मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव (MBA एवं कम से कम 5 वर्ष का अनुभव) वेतनः 30,000/-
टेलीकॉलर (कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य) वेतनः 15,000/-
Whatsaap CV 6264002713

# बाइक से चादर बेचने के बहाने महिला के गले से छीन ली सोने की चैन



**जागरण, रीवा।** बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक से चादर लेकर बेचने आए दो युवकों ने महिला के गले से सोने का लॉकेट छीनकर फरार हो गए। घटना कसिहाई गांव की बताई गई है। बताया गया कि चादर बेचने आए दो युवकों ने महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद बाइक सवार दोनों आरोपी फरार हो गए है। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई गई है। घटना के संबंध में ग्राम कसिहाई निवासी रामकली साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिन दोपहर दो युवक बाइक में सवार होकर आए, जो हाथ में चादर के गट्ठे लिए हुए थे। बताया गया कि दोनों युवक महिला से चादर लेने की बात कर रहे थे इस दौरान महिला ने चादर लेने से इंकार कर दिया। जिसके बाद आरोपी देखते ही देखते महिला के गले से सोने की लॉकेट तोड़कर फरार हो गए। महिला जब तक हल्ला गोहार मचाती तब तक आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे, इसके बाद महिला ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। दिनदहाड़े हुए घटना के बाद पीड़ित महिला ने परिजनों के साथ बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम MD, DrNB (गैस्ट्रो)
उपलब्ध सुविधा • एंडोस्कोपी • कोलोनोस्कोपी • फाइब्रोस्केन • ERCP
पेट, लीवर, पित, आंत पेंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

डॉ. बीरभान सिंह एम.डी. (मेडिसिन) DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
पताः श्रवण कुमारी स्कूल के पास,गुढ़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

# पीटीएस के नव आरक्षकों की रील वायरल, नोटिस जारी

## पीटीएस एसपी ने लिया एक्शन



**जागरण, रीवा।** वर्दी में रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने का बुखार पुलिस अधिकारियों के साथ आरक्षकों पर भी चढ़ा है। पीटीएस रीवा के नव आरक्षकों का अब एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। जिसे लेकर पीटीएस रीवा के पुलिस अधीक्षक ने नव आरक्षकों को शोकाज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। रीवा के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के 6 नव आरक्षकों का एक वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल हुआ। वायरल वीडियो में सभी 6 नव आरक्षको ने एक साथ मिलकर एक रील तैयार की है जिसे सोशल मीडिया में पोस्ट किया है। रील में सभी 6 नव आरक्षक एक साथ दिखाई दे रहे हैं। उनके द्वारा मस्ती भरे अंदाज मे एक वीडियो रिकॉर्ड किया गया, जिसमें कहा गया कि शक्ल अच्छी नहीं है तो क्या हुआ सरकारी नौकरी तो है न। इसी तरह दूसरे ने कहा कि हमारे पास पैसा नहीं है तो क्या हुआ, मंथली तो आता है न। इसके साथ ही तीसरे ने कहा कि हमारे पास कपड़ा नहीं तो क्या हुआ वर्दी तो हैं न। उक्त वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशिक्षण सेंटर मे पदस्थ एसपी सुरेन्द्र कुमार जैन ने एक्शन लेते हुए सभी 6 नव आरक्षकों को नोटिस जारी किया है। मामले में नव आरक्षक अनिल कड़ोदिया पदस्थापना जिला देवास, नव आरक्षक आनंद कुलवरे पदस्थापना जिला इंदौर, प्रदीप यादव पदस्थापना जिला उज्जैन, राज कुमार सैन्धव पदस्थापना जिला उज्जैन, गोनू सतबाढ़िया पदस्थापना जिला उज्जैन व सुरजीत गर्ग पदस्थापना जिला विदिशा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)
परामर्श शुल्क 300/-

बाल्य हृदय रोग OPD सीधी में
डॉ. धर्मेश पटेल MBBS, MD, FPCC, FIECHO, FIAE, FICMO, FICCC
बाल एवं शिशु रोग, क्रिटिकल केयर एवं बाल हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेंट- मैक्स एवं फोर्टिस हॉस्पिटल, नई दिल्ली
डायरेक्टर- मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल, रीवा
प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को 28 फरवरी को
समयः सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
DIC बिल्डिंग CMHO ऑफिस के पास, सीधी
न्यू मिश्रा हॉस्पिटल LIC ऑफिस के बगल में, सीधी
पंजीयन हेतु संपर्क करें: टोल फ्री नं.-18008892250
Mob.: 8770288324, 9893516364

28 फरवरी प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को
संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. विकास सावला
शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ MS ORTHO AHMEDABAD FIJR
15000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311

## मीटिंग में भाग लेने रीवा आए लेखपाल की मोटर साइकिल हुई चोरी

**रीवा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जवा में पदस्थ लेखपाल अनुसुइया प्रसाद कोल जो कि दिन 24 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय स्थित वरिष्ठ अधिकारी कोषालय रीवा में आयोजित बैठक में भाग लेने गए थे। वह अपनी मोटर साइकिल कलेक्ट्रेट के अंदर पीछे वाले गेट में खड़ी किये तथा बैठक खत्म होने के बाद लौटे तो देखा कि मोटर साइकिल मौके पर नहीं है। काफी खोजबीन उपरांत मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट सिविल लाइन थाना रीवा में दर्ज कराई गई है। पीड़ित लेखापाल अनुसुइया प्रसाद कोल का कहना है कि एमपी 17एनए 0526 जो कि मेरे बेटे के नाम रजिस्टर्ड है जिसको लेकर मैं रीवा मीटिंग में गया था। 2से 5 बजे के बीच मेरी मोटर साइकिल चोरी हो गई है, फरियादी ने पुलिस अधीक्षक रीवा का ध्यानाकर्षण कराकर मोटरसाइकिल चोरों पर कार्रवाई की मांग की है।

हृदय रोग OPD मऊगंज में
डॉ. शिरीष मिश्रा M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसल्टेंट, मैक्स हास्पिटल एवं बी एल कपूर, हॉस्पिटल नई दिल्ली
डायरेक्टर- मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल रीवा
प्रत्येक माह के चौथे शनिवार 28 फरवरी को
समयः प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
स्थानः आशीर्वाद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुम्मा कुर्मियान (मऊगंज)
पंजीयन हेतु संपर्क करें: टोल फ्री नं.-18008892250
Mob.: 8770288324, 9893516364

मिनर्वा द मेडिसिटी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ • IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) फेलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com